पौष शुक्ल - 7 | संवत 2081 | वर्ष - 12 | अंक - 162 | पृष्ठ - 8 | रु. 5/- | चेन्नई » सोमवार » 06-01-2025 | www.dakshinbharat.com | Email : chennai@dakshinbharat.com



# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

தக்ஷின் பாரத் ராஷ்ட்ரமத் | தினசரி ஹிந்தி நாளிதழ் | चेन्नई और बेंगलूरु से एक साथ प्रकाशित



5 जनजातीय संस्कृति के संरक्षण के लिए पूरी तत्परता से कार्य कर रहा देश : योगी

6 गुरु गोबिंद सिंह : त्याग, बलिदान, साहस एवं शक्ति के प्रेरणा पुंज

7 नेहरू के कार्यकाल में भारतीय क्षेत्र पर चीन ने कजा किया था : अमित मालवीय

## फर्स्ट टेक

### दुबई से धन जुटाने के आरोप में पीएफआई सदस्य गिरफ्तार

**नई दिल्ली/भाषा।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने भारत में गैरकानूनी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए दुबई से धन जुटाने के आरोप में प्रतिबंधित संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के एक सदस्य को गिरफ्तार किया है। एक आधिकारिक बयान में रविवार को यह जानकारी दी गई। बयान में कहा गया कि एनआईए की एक टीम ने मोहम्मद सज्जाद आलम को शनिवार को दुबई से यहां इंदिरा गांधी अंतराष्ट्रीय (आईजीआई) हवाई अड्डे पर उतरते ही गिरफ्तार कर लिया। आलम बिहार के पूर्वी चंपारण जिले का निवासी है। इसमें कहा गया है कि पीएफआई के प्रशिक्षित सदस्य आलम के खिलाफ एनआईए की विशेष अदालत ने गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। उसके खिलाफ लुकआउट सर्कुलर (एलओसी) भी जारी किया गया था।

### रूस से लगे सागर में टैंकर से तेल रिसाव होने के कारण 32 डॉल्फिन की मौत

**वाशिंगटन/एपी।** केर्च जलडमरूमध्य में तीन हफ्ते पहले समुद्री तूफान की चपेट में आये दो टैंकर से तेल का रिसाव होने से 32 डॉल्फिन की मौत हुई है। एक पशु बचाव समूह ने रविवार को यह जानकारी दी। केर्च जलडमरूमध्य रूस के कब्जे वाले क्रीमिया प्रायद्वीप को रूस के दक्षिणी क्रास्नोडार क्षेत्र से अलग करता है। रूस के डेल्फा डॉल्फिन बचाव एवं अनुसंधान केंद्र ने कहा कि ये मौतें ''संभवतः ईंधन तेल का रिसाव होने से संबंधित हैं।'' रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने तेल रिसाव को ''पारिस्थितिक आपदा'' करार दिया है।

### बांग्लादेश ने 95 भारतीय मछुआरों को रिहा किया

**नई दिल्ली/भाषा।** बांग्लादेश ने रविवार को 95 भारतीय मछुआरों को भारत को सौंप दिया, जबकि नयी दिल्ली ने 90 बांग्लादेशी मछुआरों को रिहा किया। एक-दूसरे की हिरासत में बंद मछुआरों की पारस्परिक रिहाई की प्रक्रिया दोनों देशों के बीच तनावपूर्ण संबंधों के बीच हुई है। भारत और बांग्लादेश ने एक-दूसरे के मछुआरों को रिहा करने के निर्णय की घोषणा बृहस्पतिवार को थी। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, बांग्लादेशी पक्ष ने 95 मछुआरों और मछली पकड़ने वाली चार नौकाओं को भारतीय तटरक्षक बल को सौंप दिया। वहीं, भारतीय तटरक्षक बल ने 90 बांग्लादेशी मछुआरों को रिहा कर दिया। भारतीय तटरक्षक बल ने बयान में कहा, भारतीय मछुआरों को बांग्लादेश से वापस लाए जाने के बाद दक्षिण 24 परगना में पश्चिम बंगाल के मत्स्य विभाग के अधिकारियों को सौंपा जा रहा है।

### यूनियन कार्बाइड की अपशिष्ट निपटान संबंधी याचिका पर आज हो सकती है सुनवाई

**भोपाल/भाषा।** मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय यूनियन कार्बाइड के अपशिष्ट निपटान से जुड़े मामले पर सोमवार को सुनवाई कर सकता है। भोपाल से करीब 250 किलोमीटर दूर धार जिले के पीथमपुर में यूनियन कार्बाइड के 337 टन अपशिष्ट का निपटान किए जाने के विरोध में प्रदर्शन हो रहे हैं। इस दौरान दो लोगों ने आत्मदाह का प्रयास भी किया है। रविवार को मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की वेबसाइट पर उपलब्ध सूचना के अनुसार, इस मामले को छह जनवरी के लिए मुख्य न्यायाधीश एसके कैत और न्यायाधीश विवेक जैन की खंडपीठ के समक्ष सूचीबद्ध किया गया है।

| 06-01-2025 | 07-01-2025 |
| --- | --- |
| सूर्यास्त 5:56 बजे | सूर्योदय 6:33 बजे |

| BSE | NSE |
| --- | --- |
| 79,223.11 | 24,004.75 |
| (-720.60) | (-183.90) |

| सोना | चांदी |
| --- | --- |
| 8,014 रु. (24 कैरेट) प्रति ग्राम | 100,000 रु. प्रति किलो |

मोदी ने आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान की आधारशिला रखी, कहा-

## दुनिया जल्द ही 'हील इन इंडिया' अपनाएगी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि भारत में विश्व की स्वास्थ्य एवं आरोग्य राजधानी बनने की अपार क्षमता है और वह दिन दूर नहीं जब दुनिया 'मेक इन इंडिया' के साथ-साथ 'हील इन इंडिया' को भी मंत्र के रूप में अपनाएगी। मोदी ने यह टिप्पणी रोहिणी में केंद्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान के नये भवन की डिजिटल तरीके से आधारशिला रखते हुए की और इसे आयुर्वेद की अगली बड़ी छलांग करार दिया।

समारोह में केंद्रीय आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) प्रतापराव जाधव सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने हिस्सा लिया।

एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि 187 करोड़ रुपए के निवेश से 2.92 एकड़ में फैली नई सुविधा में 100 बिस्तरों वाला एक अस्पताल होगा जो आयुर्वेद अनुसंधान को आगे बढ़ाने और लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए समर्पित होगा।

गरीब से गरीब व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवा सुलभ कराने पर केंद्र के जोर का उल्लेख करते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार आयुष और आयुर्वेद जैसी पारंपरिक भारतीय चिकित्सा प्रणालियों को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने कहा कि पिछले एक दशक में आयुष पद्धति का विस्तार 100 से अधिक देशों में किया गया है।

मोदी ने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि पारंपरिक चिकित्सा से संबंधित विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) का पहला संस्थान भारत में स्थापित किया जा रहा है।

मोदी ने कहा कि उन्होंने कुछ सप्ताह पहले अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान के दूसरे चरण का उद्घाटन किया था। उन्होंने कहा कि आज केन्द्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान की नींव रखी गई है और इसके लिए उन्होंने दिल्ली के लोगों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि भारत में स्वास्थ्य और तंदुरुस्ती की राजधानी बनने की अपार संभावनाएं हैं और वह दिन दूर नहीं जब दुनिया 'मेक इन इंडिया' पहल की तरह 'हील इन इंडिया' को मंत्र के रूप में अपनाएगी।

मोदी ने कहा कि विदेशी नागरिकों को भारत में आयुष उपचार का लाभ उठाने में सुविधा प्रदान करने के लिए विशेष आयुष वीजा सुविधा शुरू की गई है और बहुत कम समय में सैकड़ों विदेशी नागरिकों को इस सुविधा का लाभ मिला है।



## वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाना अब एक 'निश्चित लक्ष्य' : धनखड़

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने रविवार को कहा कि 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का दृष्टिकोण अब एक सपना नहीं, बल्कि एक निश्चित लक्ष्य है। राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के गणतंत्र दिवस शिविर के औपचारिक उद्घाटन के अवसर पर दिल्ली छावनी में एक समारोह को संबोधित करते हुए धनखड़ ने यह टिप्पणी की। उन्होंने एनसीसी सदस्यों की प्रशंसा की और कहा कि वे राष्ट्र की सेवा की भावना के साथ एकता व अनुशासन को बढ़ावा देने के लिए जाने जाते हैं।

उपराष्ट्रपति ने कहा, आप (एनसीसी कैडेट) हमारी युवा आबादी का प्रतिनिधित्व करते हैं। 2047 में हमारा विकसित राष्ट्र का दृष्टिकोण अब एक सपना नहीं है। यह हमारा निश्चित लक्ष्य है। उन्होंने कहा, आप सभी 2047 में भारत के विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने औपनिवेशिक शासन से देश की आजादी के 100 साल पूरे होने पर 2047 तक 'विकसित भारत' बनाने का संकल्प लिया है।

धनखड़ ने एनसीसी कैडेट से कहा, आप भाग्यशाली हैं कि आप ऐसे समय में रह रहे हैं जब भारत संभावनाओं वाला देश नहीं रह गया है। यह बेजोड़ बुनियादी ढांचे के विकास के साथ उभरता हुआ देश है। उन्होंने नए हवाई अड्डों और महानगरों समेत विभिन्न बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का हवाला दिया।

देश भर से कुल 2,361 एनसीसी कैडेट एक महीने तक चलने वाले गणतंत्र दिवस शिविर में हिस्सा ले रहे हैं, जो 30 दिसंबर को शुरू हुआ और 27 जनवरी को प्रधानमंत्री की रैली के साथ समाप्त होगा।

वार्षिक कार्यक्रम में 917 बालिका कैडेट भाग ले रही हैं, जो अब तक की सबसे बड़ी संख्या है। 2,361 कैडेट में से 114 जम्मू-कश्मीर और लद्दाख से, जबकि 178 पूर्वोत्तर क्षेत्र से हैं।

## 'भारत में तेजी से बढ़ रहा एफडीआई'

नई दिल्ली/भाषा। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि देश में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया, जापान, यूरोपीय संघ और अमेरिका के निवेशक भारत को शीर्ष निवेश गंतव्य के रूप में मान्यता दे रहे हैं, जिससे तेज आर्थिक वृद्धि हो रही है और लाखों नए रोजगार पैदा हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि वैश्विक निवेशक भारत में गहरी रुचि दिखा रहे हैं, क्योंकि यहां मजबूत घरेलू बाजार, कुशल और प्रतिभाशाली कार्यबल और कानून का शासन जैसे कई फायदे हैं। गोयल ने पीटीआई-भाषा से कहा, ''मैं स्पष्ट रूप से देख सकता हूं कि भारत में एफडीआई एक बार फिर तेजी से बढ़ रहा है और इससे लाखों रोजगार पैदा हो रहे हैं।

## पाकिस्तान के लिए 20 अरब डॉलर के कर्ज पैकेज को मंजूरी देगा विश्व बैंक : रिपोर्ट

**इस्लामाबाद/भाषा।** विश्व बैंक पाकिस्तान के लिए 20 अरब अमेरिकी डॉलर के सांकेतिक ऋण पैकेज को मंजूरी देने की प्रक्रिया में है। मीडिया की एक रिपोर्ट में यह जानकारी देते हुए कहा गया है कि यह एक अग्रणी 10-वर्षीय पहल है, जो विश्व बैंक द्वारा वित्तपोषित परियोजनाओं को राजनीतिक बदलावों से बचाएगी और छह लक्षित क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करेगी। 'द एक्सप्रेस ट्रिब्यून' अखबार ने आधिकारिक दस्तावेजों का हवाला देते हुए बताया कि 'पाकिस्तान देश भागीदारी ढांचा 2025-35' नामक इस कार्यक्रम का उद्देश्य सबसे उपेक्षित, लेकिन महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सामाजिक संकेतकों में सुधार करना है। इस 'देश भागीदारी ढांचे' को विश्व बैंक बोर्ड द्वारा 14 जनवरी को मंजूरी दी जानी है।



## कर्नाटक सरकार अनुसूचित जातियों के बीच आंतरिक आरक्षण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध : सिद्दरामय्या

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

दावणगेरे। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या ने रविवार को कहा कि उनकी सरकार अनुसूचित जातियों (एससी) के बीच आंतरिक आरक्षण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। कर्नाटक में सत्तारूढ़ कांग्रेस में नेतृत्व परिवर्तन की अटकलों के बीच उन्होंने कहा कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष या मुख्यमंत्री के बारे में कोई भी निर्णय पार्टी आलाकमान द्वारा लिया जाएगा और वह नेतृत्व के परामर्श से अपने मंत्रिमंडल में रिक्त पद को भरने का फैसला करेंगे।

सिद्दरामय्या ने यहां संवाददाताओं के एक सवाल पर कहा, उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि आंतरिक आरक्षण दिया जाना चाहिए, लेकिन जैसा कि कुछ लोगों ने कहा है कि इस संबंध में ठोस आंकड़ा नहीं है, इसलिए (न्यायमूर्ति) नागमोहन दास की अध्यक्षता में एक आयोग का गठन किया गया है। हम आंतरिक आरक्षण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

नवंबर में सरकार ने उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति एच एन नागमोहन दास को अनुसूचित जातियों (एससी) के बीच आंतरिक आरक्षण की सिफारिश करने के लिए एक आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया था।

अनुसूचित जातियों का एक वर्ग, विशेष रूप से 'एससी लेफ्ट', आंतरिक आरक्षण की मांग कर रहा है।

उनका आरोप है कि केवल कुछ प्रभावशाली उपजातियां ही अधिकांश लाभ ले रही हैं, जबकि कई समुदाय अब भी हाशिए पर हैं।

कुडलि श्रृंगेरि महासंस्थान के श्री आभिनव शंकर भारती महाश्वामीजी ने कहा

## मंदिर संस्कृति संरक्षण तभी संभव जब सरकार नियंत्रण मुक्त हो

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। हमने धीरे-धीरे समाज, न्याय, परिवार और शिक्षा को सरकार के नियंत्रण में सौंप दिया है। जैसे-जैसे समाज सरकारी नियंत्रण में आता जा रहा है, यह निर्भरता की स्थिति तक पहुँच चुका है। धार्मिक सिद्धांतों पर आधारित जीवन जीकर हम समग्र विकास प्राप्त कर सकते हैं। केवल मंदिरों से सरकारी हस्तक्षेप को हटा कर ही समाज का प्रगति संभव है, कुडलि श्रृंगेरि महासंस्थान के श्री आभिनव शंकर भारती महाश्वामीजी ने अपने मार्गदर्शन में उपस्थित लोगों से कहा। दो दिवसीय 'कर्नाटक राज्य द्वितीय मंदिर सम्मेलन,' जो कर्नाटक मंदिर महासंघ और हिंदू जनजागृति समिति द्वारा आयोजित



किया गया था, बेंगलूरु के बसवेश्वर नगर स्थित गंगम्मा थिम्मैया कन्वेंशन हॉल में सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम के दौरान 'सनातन पंचांग एंड्रॉयड ऐप 2025' का शुभारंभ किया गया। इस ऐप में दैनिक अपडेट्स, पंचांग विवरण, शुभ मुहूर्त, त्यौहार, आध्यात्मिक लेख, आयुर्वेद टिप्स और धर्म शिक्षा से संबंधित बहुमूल्य संसाधन उपलब्ध हैं। इसके बाद 'आयुर्वेद अपनाएँ और बिना दवाओं के स्वस्थ रहें' नामक ई-बुक का विमोचन किया गया।

स्कंदेश्वर स्वामी मंदिर के सिद्धलिंग स्वामीजी ने कहा कि मंदिरों में वेद पाठ, सामूहिक प्रार्थनाएँ और यज्ञों जैसी गतिविधियाँ संस्कृति को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। धर्म वैश्विक शांति और मानवता के मूल्यों को बनाए रखता है, जिससे वैश्विक कल्याण संभव हो सकता है। 'संसार हमारा घर है; सभी प्राणियों की सुख-शांति हो (लोकः समस्ताः सुखिनो भवन्तु)' इस मन्त्र के तहत उन्होंने धर्म की रक्षा की आवश्यकता पर बल दिया।

हिंदू धार्मिक जागरूकता के महत्व को बताते हुए वेद ब्रह्म श्री इंद्राचार्य ने मंदिरों के माध्यम से हिंदू धर्म और संस्कृति के प्रचार-प्रसार की आवश्यकता पर जोर दिया।

## दिल्ली हवाई अड्डे पर 100 से अधिक उड़ानों के संचालन में देरी

**नई दिल्ली/भाषा।** दिल्ली हवाई अड्डे पर खराब मौसम के कारण रविवार को 100 से अधिक उड़ानों के संचालन में विलंब हुआ है। एक अधिकारी ने बताया कि अब तक किसी भी उड़ान को न तो रद्द किया गया है और न ही मार्ग बदला गया है। घने कोहरे के कारण दृश्यता कम होने की वजह से पिछले तीन दिन से उड़ानों का संचालन प्रभावित हो रहा है। दिल्ली हवाई अड्डे पर अब भी दृश्यता कम है। दिल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा लिमिटेड (डीआईएएल) ने सुबह 8:45 बजे 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, यात्रियों से अनुरोध है कि वे उड़ान की अद्यतन जानकारी के लिए संबंधित विमानन कंपनी से संपर्क करें। अधिकारी ने कहा कि हवाई अड्डे पर 100 से अधिक उड़ानों के संचालन में विलंब हुआ है। डीआईएएल राष्ट्रीय राजधानी के आईजीआईए का संचालन करता है। विमानन कंपनी 'इंडिगो' ने देर रात 12:59 बजे 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, प्रतिकूल मौसम की स्थिति के कारण दिल्ली, अमृतसर, चंडीगढ़, कोलकाता और लखनऊ से आने-जाने वाली उड़ानें प्रभावित हुई हैं।

## लालू प्रसाद की पेशकश पर नीतीश का जवाब, राजद से 'गलती' से किया था गठबंधन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**पटना/भाषा।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को अपने कट्टर प्रतिद्वंद्वी लालू प्रसाद की पार्टी राष्ट्रीय जनता दल (राजद) पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्होंने विपक्षी पार्टी के साथ ''गलती से'' गठबंधन कर लिया था, जिसने सत्ता में रहते हुए ''कुछ नहीं किया''।

जनता दल यूनाइटेड (जदयू) सुप्रीमो ने यह टिप्पणी पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद द्वारा कुछ दिनों पहले की गई पेशकश के बाद की है। लालू प्रसाद ने कहा था कि राजद ने पूर्व सहयोगी के लिए अपने दरवाजे खुले रखे हैं, जो अब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में लौट गये हैं।

कुमार ने राज्यव्यापी प्रगति यात्रा के तहत उत्तर बिहार के मुजफ्फरपुर जिले में संवाददाताओं से कहा, ''हमसे पहले जो लोग सत्ता में थे...क्या उन्होंने कुछ किया? लोग सूर्यास्त के बाद अपने घरों से बाहर निकलने से डरते थे। मैं गलती से दो बार उनके साथ जुड़ गया था।''

बिहार के मुख्यमंत्री का पद सबसे लंबे समय से संभाल रहे नीतीश ने सवाल किया, ''उस समय महिलाओं की क्या स्थिति थी? आज आप इन स्वयं सहायता समूहों को देख सकते हैं, जिन्हें हमने 'जीविका' नाम दिया है। केंद्र ने हमारे मॉडल को दोहराया और इसे 'आजीविका' नाम दिया। क्या आपने पहले ऐसी आत्मविश्वासी ग्रामीण महिलाओं को देखा था?''

कुमार ने हालांकि, लालू प्रसाद की ओर से दिए गए सांकेतिक 'प्रस्ताव' से जुड़े सवाल का जवाब नहीं दिया।

लालू प्रसाद की यह टिप्पणी केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के उस बयान की पृष्ठभूमि में आई थी जिसमें उन्होंने एक साल से भी कम समय में होने वाले विधानसभा चुनावों में नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार बनाने पर अनिश्चित रुख पेश किया था। वहीं, राज्य भाजपा के नेता लगातार कहते रहे हैं कि जदयू सुप्रीमो 2025 के विधानसभा चुनावों में राजग का 'चेहरा' होंगे।

लोकसभा चुनाव में बहुमत से चूकने वाली भाजपा केंद्र में सत्ता में बने रहने के लिए जदयू और आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू की तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा)जैसे सहयोगियों पर निर्भर है।

इस बीच, मुख्यमंत्री ने रविवार को मुजफ्फरपुर जिले के अपने दौरे के दौरान 451.40 करोड़ रुपए की 76 विकास परियोजनाओं/योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।

## ओयो ने किया नियमों में बदलाव

### अब अविवाहित जोड़े नहीं ले सकेंगे होटल में कमरा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com


**नई दिल्ली/भाषा।** यात्रा क्षेत्र की प्रमुख कंपनी ओयो ने मेरठ से शुरुआत करते हुए भागीदार होटलों के लिए एक नई 'चेक-इन' नीति लागू की है। इसके अनुसार, अविवाहित जोड़ों का अब 'चेक-इन' की अनुमति नहीं दी जाएगी। यानी सिर्फ पति-पत्नी ही होटल में कमरा ले सकेंगे। संशोधित नीति के तहत, सभी जोड़ों को 'चेक-इन' के समय अपने रिश्ते का वैध प्रमाण देने के लिए कहा जाएगा। इसमें ऑनलाइन की गई बुकिंग भी शामिल है। कंपनी ने कहा कि ओयो ने अपने भागीदार होटलों को स्थानीय सामाजिक संवेदनशीलता के साथ तालमेल बिठाते हुए अपने विवेक के आधार पर अविवाहित जोड़ों की बुकिंग को अस्वीकार करने का अधिकार दिया है।

ओयो ने मेरठ में अपने भागीदार होटलों को तत्काल प्रभाव से ऐसा सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

नीति में हुए बदलाव से परिचित लोगों ने कहा कि जमीनी प्रतिक्रिया के आधार पर, कंपनी इसे और शहरों में विस्तारित कर सकती है। उन्होंने कहा, ''ओयो को पहले भी विशेष रूप से मेरठ में सामाजिक समूहों से इस मुद्दे को हल करने के लिए प्रतिक्रिया मिली थी। इसके अलावा, कुछ दूसरे शहरों के निवासियों ने भी अविवाहित जोड़ों को ओयो होटलों में चेक-इन करने की अनुमति न देने की मांग की है।''

ओयो उत्तर भारत के क्षेत्र प्रमुख पावस शर्मा ने पीटीआई-भाषा को बताया, ''ओयो सुरक्षित और जिम्मेदार आतिथ्य प्रथाओं को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। हम व्यक्तिगत स्वतंत्रता का सम्मान करते हैं, लेकिन साथ ही हम इन बाजारों में कानून प्रवर्तन और नागरिक समाज समूहों की बात सुनने और उनके साथ काम करने की अपनी जिम्मेदारी को भी पहचानते हैं।''

**सम्मान** — दक्षिण भारत राष्ट्रमत



रविवार को राजस्थान के पाली जिले में आईमाता वडेर लाम्बिया द्वारा आयोजित संतश्री गुलारामजी महाराज के 57वें वार्षिक मेला एवं सत्संग महोत्सव में मारूति मेडिकल के प्रमुख एवं गौसेवक महेन्द्र मुणोत और उनके अनुज हंसराज मुणोत ने भाग लिया। देवी मां के दर्शन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त पर महेन्द्र मुणोत ने कहा कि सेवा, मैत्री और राष्ट्रीयता नाम हिन्दुत्व है और हम सभी को सनातन संस्कृति पर गर्व करना चाहिए। इस मौके पर लाम्बिया के सरपंच मदनलाल, पूर्व सरपंच प्रताप सिंह एवं ग्रामवासियों ने मुणोतबंधुओं को सम्मानित किया।

# स्वाध्याय संघ द्वारा 33 केन्द्रों पर परीक्षा का आयोजन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। श्री कर्नाटक जैन स्वाध्याय संघ बेंगलोर द्वारा संचालित स्थानकवासी जैन धार्मिक परीक्षा बोर्ड की वार्षिक परीक्षा कुल 33 केन्द्रों पर सम्पन्न हुई। कक्षा एक से कक्षा दस तक की परीक्षा में जैन दर्शन, जैनतत्त्व जैन इतिहास, जैन आराधना एवं तीर्थकर स्तुति आदि विषयों पर आधारित प्रश्नोत्तरी तथा सूत्र एवं आगम ज्ञान के माध्यम से प्रश्नपत्र आधारित मौखिक तथा लिखित परीक्षा सम्पन्न हुई। बेंगलूरु शहर के चिकपेट, संजयनगर, यशवंतपुर, मल्लेश्वरम्, श्रीरामपुरम्, राजाजीनगर, विजयनगर, मागड़ी रोड, ईटा गार्डन, अक्कीपेट, पार्क वेस्ट, जयनगर, चामराजपेट, बेंगलूरु सेंट्रल, हनुमंतनगर आदि क्षेत्रों में केन्द्र रखे गये। इसी प्रकार बेंगलोर के बाहर मैसूर, मंड्या, केजीएफ, सेलम, मुंबई आदि 12 क्षेत्रों में केन्द्र बनाये गए। कुल 1050 विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया। रविवार 5 जनवरी को अयोजित परीक्षा में सभी केन्द्रों पर संघ के पदाधिकारियों एवं वरिष्ठ स्वाध्यायी सदस्यों ने निरीक्षण दौरा किया। अध्यक्ष भंवरलाल कवाड, मंत्री मीठालाल पटवा, कोषाध्यक्ष पन्नालाल कोठारी, संयोजक शांतिलाल बोहरा, राजेन्द्र चोरडिया, विजय रेड, सुरेशचंद गुलेच्छा, मनोहर श्रीश्रीमाल, विजय गुगलिया, प्रकाश दलाल आदि अनेक सदस्यों ने निरीक्षण किया।

स्थानीय संघों के पदाधिकारी, पाठशाला के अध्यापकों एवं स्वाध्यायी सदस्यों ने परीक्षा व्यवस्था संचालित की। स्वाध्याय संघ द्वारा सभी उपस्थित विद्यार्थियों को प्रभावना दी गई। परीक्षा चेयरमैन उत्तम चन्द गुगलिया, सहचेयरमैन विनोद गुगलिया, प्रेमाजी चंदावत एवं सरोज एस बोहरा ने व्यवस्था में मुख्य भूमिका निभाई।

# वस्तुओं, सेवाओं के निर्यात में वृद्धि की रणनीति पर चल रहा काम: गोयल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि सरकार देश के माल एवं सेवाओं के निर्यात में और तेजी लाने के लिए निर्यात रणनीति पर काम कर रही है।

उन्होंने कहा कि मंत्रालय निर्यातकों की चिंताओं को दूर करके तथा भारत के प्रतिस्पर्धी लाभ एवं ताकत के क्षेत्रों की पहचान करके 2030 तक निर्यात को दो लाख करोड़ डॉलर तक ले जाने के लिए लक्षित तरीके से काम कर रहा है।

गोयल ने पीटीआई-भाषा से कहा, वैश्विक चुनौतियों के बावजूद वस्तुओं और सेवाओं, दोनों का निर्यात अच्छा चल रहा है... हम एक निर्यात रणनीति पर काम कर रहे हैं, ताकि यह देखा जा सके कि हम वस्तुओं और सेवाओं दोनों के निर्यात में किस प्रकार तेजी ला सकते हैं।

वर्ष 2024-25 में निर्यात 800 अरब डॉलर को पार कर जाने की उम्मीद है। पिछले वित्त वर्ष में यह 778 अरब डॉलर था।

आगामी बजट से निर्यात के लिए उनकी अपेक्षाओं के बारे में पूछे जाने पर, मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हमेशा निर्यातक समुदाय के लिए 'बहुत' सहायक रहे हैं। उन्होंने कहा, मुझे यकीन है कि प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री (निर्मला सीतारमण) हमारे निर्यात को समर्थन देने के लिए हमेशा सक्रिय रहेंगे।

निर्यात ऋण में गिरावट और उच्च ब्याज दरों के संबंध में निर्यातकों की चिंताओं पर गोयल ने कहा कि मंत्रालय इन मुद्दों पर समग्र रूप से विचार कर रहा है और संबंधित हितधारकों के साथ बातचीत कर रहा है। उन्होंने कहा, हम निर्यातकों की इन चिंताओं का समाधान खोजने के लिए बैंकिंग प्रणाली और ईसीजीसी (निर्यात ऋण गारंटी निगम) के साथ लगातार काम कर रहे हैं।

भारतीय निर्यात संगठनों के महासंघ (फियो) के अनुसार, मार्च 2022 (2,27,452 करोड़ रुपए) और मार्च 2024 (2,17,406 करोड़ रुपए) के बीच निर्यात ऋण में पांच प्रतिशत की गिरावट आई है।



# तप व तपस्वियों से ही धर्म है : आचार्य विमलसागर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मैसूरु। यहां रविवार को कल्याण मित्र वर्षावास समिति तथा जैन टेरिबल ट्रस्ट मैसूरु के तत्वावधान में तथा आचार्य विमलसागर सूरीश्वर के सान्निध्य में बन्नूर मार्ग पर स्थित गैलेक्सी कन्वेंशन सेंटर में तपोभिनन्दन समारोह रखा गया है।

तपस्या के लाभार्थियों ने दीप प्रज्ज्वलित किया। आचार्यश्री ने महामांगलिक सुना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। आचार्यश्री ने अपने प्रवचन में तपस्वियों की सराहना कर बताया कि ऐसे लोग जैन धर्म की शोभा और गौरव होते है, इनके तप की बदौलत जैन धर्म व परंपरा जीवित है। तपस्वियों ने चातुर्मास में भरपूर तपोराधना का लाभ ले कर आत्मकल्याण किया। युवाओं को धर्मसभा व मंदिर में नियमित प्रभु भक्ति करने के लिए प्रेरित किया। चातुर्मास के निमित्त बने लाभार्थियों व कल्याण मित्र वर्षावास समिति के सदस्यों का आचार्य ने आभार जताया। बाद में तपस्वियों को भेंट दी गई।अशोक दांतेवाड़िया ने संबोधन में साधु व नदी के पानी को बहते की भला बताया। साधु विहार कर धर्म का प्रचार-प्रसार कर लोगों को राह दिखाते है। कांतिलाल चौहान व गौतम सालेचा ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

मैसूरु पिंजरापोल सोसायटी में संरक्षित गायों के चारे पानी की व्यवस्था के लिए आर्थिक सहयोग दिया। कल्याण मित्र वर्षावास समिति, बेंगलूरु के सुरेशकुमार बगरेचा, भरतकुमार बाफणा, कल्याण मित्र वर्षावास समिति, मैसूरु के वसंत राठौड़, भंवर लुंकड़, जीतू लुंकड़, प्रवीण दांतेवाड़िया सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# मोदी ने दिल्ली में 12,200 करोड़ रुपए से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में संपर्क बढ़ाने वाले साहिबाबाद और न्यू अशोक नगर के बीच दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ नमो भारत कॉरिडोर के 13 किलोमीटर लंबे हिस्से सहित 12,200 करोड़ रुपए से अधिक की लागत वाली कई अन्य परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।

इससे पहले, प्रधानमंत्री ने साहिबाबाद आरआरटीएस स्टेशन से न्यू अशोक नगर आरआरटीएस स्टेशन तक नमो भारत ट्रेन में यात्रा की और इस दौरान यात्रियों से संवाद भी किया। दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ नमो भारत कॉरिडोर के इस हिस्से के निर्माण की लागत करीब 4,600 करोड़ रुपए है। इस उद्घाटन के साथ ही दिल्ली को अपना प्रथम नमो भारत संपर्क मिल गया। इससे दिल्ली और मेरठ के बीच लाखों यात्रियों को तीव्र गति और आरामदायक यात्रा के साथ उत्कृष्ट सुरक्षा और विश्वसनीयता का लाभ मिलेगा।

प्रधानमंत्री ने दिल्ली मेट्रो चरण-4 के अंतर्गत जनकपुरी और कृष्णा पार्क के बीच करीब 1,200 करोड़ रुपए की लागत वाले 2.8 किलोमीटर लंबे हिस्से का भी उद्घाटन किया। यह दिल्ली मेट्रो चरण-4 का पहला खंड है जिसका उद्घाटन किया गया। आधिकारिक बयान में कहा गया कि इससे पश्चिमी दिल्ली के कृष्णा पार्क, विकासपुरी, जनकपुरी के कुछ क्षेत्रों और इनसे जुड़े अन्य इलाकों को लाभ मिलेगा।

प्रधानमंत्री ने दिल्ली मेट्रो चरण-4 के 26.5 किलोमीटर लंबे रिठाला-कुंडली खंड की आधारशिला भी रखी, जिसकी लागत करीब 6,230 करोड़ रुपए होगी। यह कॉरिडोर दिल्ली के रिठाला को हरियाणा के नाथूपुर (कुंडली) से जोड़ेगा, जिससे दिल्ली और हरियाणा के उत्तर-पश्चिमी इलाकों में कनेक्टिविटी में उल्लेखनीय सुधार होगा। इससे लाभान्वित होने वाले प्रमुख क्षेत्रों में रोहिणी, बवाना, नरेला और कुंडली शामिल हैं, जिससे आवासीय, वाणिज्यिक और औद्योगिक क्षेत्रों तक पहुंच में सुधार होगा।

बयान में कहा गया कि एक बार इस मेट्रो खंड के शुरू होने के बाद दिल्ली, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में यात्रा को सुविधाजनक बनाया जा सकेगा। प्रधानमंत्री ने नई दिल्ली के रोहिणी में केंद्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान (सीएआरआई) के लिए नए अत्याधुनिक भवन की आधारशिला भी रखी जिसका निर्माण लगभग 185 करोड़ रुपए की लागत से किया जाएगा।

बयान के मुताबिक, यह परिसर अत्याधुनिक स्वास्थ्य सेवा और चिकित्सा सुविधा प्रदान करेगा। नए भवन में प्रशासनिक ब्लॉक, ओपीडी ब्लॉक, आईपीडी ब्लॉक और एक समर्पित उपचार ब्लॉक होगा। इससे रोगियों और शोधकर्ताओं दोनों के लिए एक एकीकृत और निर्बाध स्वास्थ्य सेवा अनुभव सुनिश्चित किया जा सकेगा।

**श्रद्धांजलि** — दक्षिण भारत राष्ट्रमत



रावत राजपूत समाज बेंगलूरु (कर्नाटक) के तत्वावधान में समाज के ट्रस्ट मागडी रोड भवन पर पदाधिकारियों द्वारा रविवार को वीर योद्धा रावत नरा जी चौहान को श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रथम माँ आशापुरा की आरती कर वीर योद्धा नराजी रावत चौहान की तस्वीर पर माल्यार्पण कर, दीप प्रज्ज्वलित कर समाज ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। मातृभूमि की रक्षार्थ अपने प्राणों का बलिदान करने वाले वीर योद्धा के गुणों के बारे में बताया गया। इस मौके पर समाज सेवी रामेश्वर सिंह टाडगड, एनएस सुरावत पाली, नारायणसिंह मालावत भीन्डर, पुरण सिंह कुराबड, कैलाश सिंह बग्गड़ सहित समाज के अनेक गणमान्य उपस्थित थे।

# सरपंच हत्या मामले की जांच 'दिखावा', मंत्री मुझे बना रहे निशाना : अंजलि दमानिया


दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**मुंबई/भाषा।** भ्रष्टाचार विरोधी कार्यकर्ता अंजलि दमानिया ने रविवार को कहा कि बीड जिले में मसाजोग ग्राम पंचायत के सरपंच संतोष देशमुख की हत्या की जांच ''दिखावा'' है। उन्होंने कहा कि सच्चाई सामने लाने के लिए जिले के बाहर की पुलिस को जांच का नेतृत्व करना चाहिए। मसाजोग के सरपंच देशमुख की नौ दिसंबर को हत्या कर दी गई थी, क्योंकि उन्होंने क्षेत्र में एक पवनचक्की परियोजना का संचालन करने वाली एक ऊर्जा कंपनी से जबरन वसूली की कोशिश को रोकने का प्रयास किया था।

राज्य आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) की विशेष जांच टीम (एसआईटी) देशमुख की हत्या के साथ-साथ उनकी मौत से जुड़े जबरन वसूली मामले की भी जांच कर रही है।

दमानिया ने आरोप लगाया कि जबरन वसूली मामले के मुख्य आरोपी और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता तथा परली विधायक धनंजय मुंडे के करीबी वाल्मीक कराड के दबाव में झुकी बीड पुलिस निष्पक्ष जांच नहीं कर सकती। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में आरोप लगाया कि बीड से ताल्लुक रखने वाले महाराष्ट्र के मंत्री धनंजय मुंडे और पंकजा मुंडे कॉल और संदेशों के जरिये उनके खिलाफ अशोभनीय शब्दों का इस्तेमाल कर रहे हैं।



## मोदी ने जिन परियोजनाओं का उद्घाटन किया, वह केंद्र, दिल्ली के बीच सहयोग का परिणाम : केजरीवाल

**नई दिल्ली/भाषा।** आम आदमी पार्टी (आप) प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा उद्घाटन की गई दो परियोजनाओं को दिल्ली के बुनियादी ढांचे के लिए मील का पत्थर बताया और दावा किया कि ये केंद्र और दिल्ली सरकार के बीच संयुक्त उपक्रम हैं। मोदी ने उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद के साहिबाबाद से यहां न्यू अशोक नगर तक दिल्ली-मेरठ क्षेत्रीय रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस) कॉरिडोर के 13 किलोमीटर लंबे हिस्से और दिल्ली मेट्रो के चौथे चरण के जनकपुरी पश्चिम-कृष्णा पार्क एक्सटेंशन खंड का उद्घाटन किया।

# गुजरात के पोरबंदर में तटरक्षक बल का हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त, तीन लोगों की मौत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**पोरबंदर/भाषा।** गुजरात के पोरबंदर के बाहरी इलाके में स्थित हवाई अड्डे पर रविवार दोपहर उतरने के दौरान भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) का एक हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया और उसमें आग लग गई जिससे चालक दल के तीन सदस्यों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी।

पोरबंदर के पुलिस अधीक्षक भागीरथसिंह जडेजा ने बताया कि यह घटना दोपहर 12 बजकर 10 मिनट पर हुई जब आईसीजी का 'एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर' (एएलएच) नियमित उड़ान से लौट रहा था। उन्होंने कहा कि हवाई अड्डे के रनवे पर उतरने की कोशिश करते समय हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिससे उसमें आग लग गई। बाद में दमकल की मदद से आग पर काबू पा लिया गया। जडेजा ने बताया कि चालक दल के तीनों सदस्यों को हेलीकॉप्टर से गंभीर हालत में बाहर निकाला गया और पोरबंदर के एक अस्पताल ले जाया गया।

कमला बाग पुलिस थाने के निरीक्षक राजेश कनमिया ने बताया, '' उनमें से दो को मृत घोषित कर दिया गया जबकि एक ने अस्पताल लाए जाने के बाद दम तोड़ दिया।'' उन्होंने बताया कि चालकदल के सदस्यों की अभी पहचान नहीं हो पाई है।



# समदड़ी गांव गोठ का आयोजन

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। बेंगलूरु महानगर में प्रवास करने वाले राजस्थान के बाड़मेर जिले के समदड़ी कस्बे की निवासियों का स्नेह मिलन 5 जनवरी को रेजिडेंसी हॉलीडे रिसॉर्ट में आयोजित किया गया। मार्गदर्शक प्रकाशकरण मेहता ने सभी का स्वागत किया। संयोजक दिनेश चोपड़ा ने कार्यक्रम के प्रमुख प्रेरक वक्ता हितेश छाजेड़ का परिचय करवाया। हितेश छाजेड़ ने पारिवारिक रिश्तों को कैसे सुदृढ़ बनाएं इस विषय पर बहुत ही सारगर्भित उद्बोधन दिया।कार्यक्रम का पूरा संयोजन संयोजक प्रवीण लुंकड़ के निर्देशन में किया गया। इस अवसर पर सभी के लिए अनेक तरह के खेलकूद एवं मनोरंजन कार्यक्रम का आयोजन रखा गया। समदड़ी प्रवासियों की तरफ से कार्यक्रम के सभी प्रायोजकों का अभिनंदन किया गया।

कार्यक्रम के सफलता पूर्ण आयोजन में धर्मेंद्र लुंकड़, खुशवंत छाजेड़, दिलीप वेदमुथा जीतू भंडारी आदि का भरपूर सहयोग रहा। वरिष्ठ मार्गदर्शक पारसमल कांकरिया ने सभी को धन्यवाद प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन कान्ति श्रीश्रीमाल ने किया।

**आशीर्वाद** — दक्षिण भारत राष्ट्रमत



वेल्लूर के श्रीपुरम् में रविवार को श्रीशक्ति अम्मा की 49वीं जयंती के मौके पर आयोजित समारोह में मुख्यअतिथि के रूप में केन्द्रीय विद्युत एवं नवीन व नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री श्रीपद येसो नाइक उपस्थित थे। उन्होंने शक्ति अम्मा ने आशीर्वाद प्राप्त किया। इस मौके पर श्रीपुरम् के निदेशक डॉ. एम सुरेश बाबू और अन्य ट्रस्टी उपस्थित थे।



## भाजपा नेता रमेश बिधूड़ी ने प्रियंका गांधी पर की विवादित टिप्पणी

**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता एवं कालकाजी विधानसभा क्षेत्र से पार्टी प्रत्याशी रमेश बिधुड़ी एक बार फिर विवादों में आ गए हैं। उन्होंने कथित रूप से कहा कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में जीत के बाद वह क्षेत्र की सड़कों को कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी के 'गाल' जैसी बना देंगे। बिधूड़ी से फिलहाल उनके बयान और कांग्रेस द्वारा उन पर किये गए हमले पर कोई प्रतिक्रिया नहीं मिल सकी है। वायरल हुए कथित वीडियो में बिधूड़ी को कहते सुना जा सकता है, मैं आपको आश्वस्त करता हूं कि जैसे हमने ओखला और संगम विहार में सड़कें बनाईं, वैसे ही हम कालकाजी की सभी सड़कों को प्रियंका गांधी के गालों जैसा बना देंगे।

# भाजपा एकमात्र राष्ट्रीय पार्टी है, जो किसी परिवार की नहीं बल्कि अपने कार्यकर्ताओं की है : फडणवीस


दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नागपुर/भाषा।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने रविवार को कहा कि भाजपा एकमात्र राष्ट्रीय पार्टी है, जो किसी परिवार की नहीं, बल्कि कार्यकर्ताओं की पार्टी है। पार्टी के एक कार्यक्रम में संबोधित करते हुए फडणवीस ने भाजपा को एक लोकतांत्रिक संगठन बताया। उन्होंने कहा कि देश में 2,300 से ज़्यादा पंजीकृत पार्टियां हैं, लेकिन राष्ट्रीय पार्टियों की गिनती उंगलियों पर की जा सकती है। उन्होंने कहा कि केवल दो पार्टियां हैं – भाजपा और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी – जो किसी परिवार की नहीं है।

फडणवीस ने कहा कि 2,300 पार्टियों में से लगभग सभी निजी स्वामित्व वाली हैं। उन्होंने कहा,भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी अब राष्ट्रीय पार्टी नहीं रही। लेकिन भाजपा एकमात्र राष्ट्रीय पार्टी है, जो लोगों और पार्टी कार्यकर्ताओं की पार्टी है। पार्टी का स्वामित्व किसी नेता के पास नहीं है और इसका अपना संविधान है। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) एक राष्ट्रीय पार्टी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की साधारण पृष्ठभूमि का जिक्र करते हुए फडणवीस ने कहा कि भाजपा एकमात्र ऐसी पार्टी है, जहां एक लड़का जो कभी चाय बेचता था, वह पहले (गुजरात का) मुख्यमंत्री और फिर प्रधानमंत्री बना। मोदी का राजनीति में कोई रिश्तेदार या 'गॉडफादर' नहीं है, फिर भी वह शीर्ष पद पर पहुंच सके। अपनी राजनीतिक यात्रा के बारे में बताते हुए फडणवीस ने कहा कि उन्होंने बूथ स्तर से शुरूआत की, वार्ड अध्यक्ष बने और तीन बार मुख्यमंत्री बने। उन्होंने कहा, यह केवल भाजपा में ही संभव है। यह लोगों और पार्टी कार्यकर्ताओं की पार्टी है। भाजपा ने महाराष्ट्र से 1.5 करोड़ सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा है। फडणवीस ने बाद में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि राज्य भर में एक लाख बूथों पर रविवार को विशेष सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है, जिसका लक्ष्य 25 लाख सदस्य बनाना है।

मुलाकात — दक्षिण भारत राष्ट्रमत



नई दिल्ली में 4 जनवरी को केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह से ईशा फाउन्डेशन के संस्थापक सद्गुरु ने मुलाकात की। दोनों ने समुदायों को बदलने में आध्यात्मिकता की भूमिका पर चर्चा की। बैठक के बारे में, अमित शाह ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, जिसमें कहा गया, श्री सद्गुरुजी से मिलकर प्रसन्नता हुई। भारतीय आध्यात्मिकता और समाज को बदलने में इसकी भूमिका के बारे में चर्चा हुई। ट्वीट का जवाब देते हुए, सद्गुरु ने कहा, भारत के माननीय गृह मंत्री से मिलकर खुशी हुई। हमारे राष्ट्र के सभ्यतागत पहलुओं में उनकी भागीदारी और रुचि सराहनीय है। बैठक के दौरान, सद्गुरु ने अमित शाह को आदियोगी की एक मूर्ति भेंट की।

# द्रविड़ मॉडल सरकार भ्रष्टाचार का प्रतीक बन गई है : एएनएस प्रसाद

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** तमिलनाडु भाजपा प्रवक्ता ए.एन.एस.प्रसाद ने कहा कि सिंधु घाटी सभ्यता और कीलाडी सभ्यता की महानता पर गर्व से चर्चा करने के लिए आयोजित एक सेमिनार में, जो तमिल गौरव को दर्शाता है। मुख्यमंत्री स्टालिन ने मंच का इस्तेमाल नस्लवाद, अलगाववाद और धार्मिक उग्रवाद जैसी विभाजनकारी विचारधाराओं को बढ़ावा देने के लिए किया, जबकि भ्रष्टाचार के प्रतीक के रूप में जानी जाने वाली डीएमके सरकार का महिमामंडन किया। यह दोनों चौंकाने वाला और बेहद दुखद है। तमिलनाडु में 1967 में डीएमके के सत्ता में आने के बाद से, जब भी उन्होंने शासन किया है, उन्होंने इतिहास से छेड़छाड़ की है, उन उपलब्धियों का श्रेय लिया है जो उन्होंने कभी हासिल नहीं कीं, और झूठे आख्यानों के साथ छात्रों, युवाओं और समाज को गुमराह किया है। यह लंबे समय से चल रहा धोखा तमिलनाडु के लिए खतरा बना हुआ है।



उन्होंने कहा कि दिवंगत मुख्यमंत्री अन्नादुरई के दौर से लेकर करुणानिधि के नेतृत्व और अब स्टालिन के प्रशासन तक, डीएमके एक ऐसी सरकार बन गई है जो हर मौके पर झूठ और झूठे वादों को बढ़ावा देकर जनता को गुमराह करती है। अब समय आ गया है कि इस धोखे को रोका जाए। क्या तमिल सभ्यता और विश्व भर में प्रसिद्ध द्रविड़ सभ्यता की महानता पर चर्चा करते हुए, बिना विवेक के तमिल विरोधी डीएमके पार्टी और उसकी तथाकथित द्रविड़ मॉडल सरकार की प्रशंसा करना उचित है?

डीएमके के दमनकारी शासन की निंदा की जानी चाहिए, जो तमिलनाडु में अघोषित आपातकाल के समान हो गया है। भाजपा इस बात पर जोर देती है कि इस तरह के दमन को जनता की शांतिपूर्ण क्रांति द्वारा उखाड़ फेंका जाएगा।

हाल ही में, सीपीआई(एम) के राज्य सचिव के. बालकृष्णन ने डीएमके शासन से यह पूछकर साहसपूर्वक सवाल किया, क्या आपने तमिलनाडु में अघोषित आपातकाल घोषित कर दिया है? उनकी टिप्पणी के बाद, डीएमके के पार्टी मुखपत्र मुरासोली ने परोक्ष रूप से धमकियाँ जारी कीं। हालाँकि, बालकृष्णन निडरता से सच बोलना जारी रखते हैं, और दूसरों के लिए अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करते हैं। तमिलनाडु भाजपा अपने अध्यक्ष अन्नामलाई के इस आह्वान पर अडिग है कि सभी विपक्षी दल जनता के कल्याण के लिए एकजुट हों और डीएमके को जवाबदेह ठहराएं। डीएमके गठबंधन का हिस्सा होने के बावजूद, सीपीआई(एम) ने सरकार से सवाल करने का साहस दिखाया है। हालांकि, बालाकृष्णन को उनकी पार्टी के भीतर कमजोर करने के प्रयास एक खतरनाक राजनीतिक प्रवृत्ति को उजागर करते हैं। तमिलनाडु की सभी विपक्षी पार्टियों को एकजुट होकर जनविरोधी डीएमके सरकार के कुकृत्यों को उजागर करना चाहिए। अगर वे ऐसा करने में विफल रहे तो यह तमिल लोगों और तमिलनाडु के साथ विश्वासघात होगा।

# 'सिंधु घाटी की लिपि पढ़ने वाले को 10 लाख अमेरिकी डॉलर का पुरस्कार दिया जाएगा'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने रविवार को यहां कहा कि सिंधु घाटी लिपि एक अनसुलझी पहेली बनी हुई है और उन्होंने इसे पढ़ने वाले को 10 लाख अमेरिकी डॉलर का पुरस्कार देने की घोषणा की। सिंधु सभ्यता की खोज के 100 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए स्टालिन ने कहा, हम अब भी सिंधु घाटी सभ्यता की लिपि को स्पष्ट रूप से समझने में असमर्थ हैं।

उन्होंने कहा कि इसे समझने का विद्वान आज भी प्रयास कर रहे हैं और ऐसे प्रयासों को प्रोत्साहित करने के मद्देनजर इस लिपि की पहेली को सुलझाने वाले व्यक्तियों या संगठनों को 10 लाख अमेरिकी डॉलर का पुरस्कार दिया जाएगा। सिंधु सभ्यता, जो सबसे पुरानी सभ्यताओं में से एक है, अपनी शहरी संस्कृति के लिए प्रसिद्ध है और इसकी लिपि को अब तक पढ़ा नहीं जा सका है।

## तमिलनाडु के मुख्यमंत्री ने ममता बनर्जी को उनके 70वें जन्मदिन पर बधाई दी

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने पश्चिम बंगाल की अपनी समकक्ष ममता बनर्जी को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। ममता बनर्जी रविवार को 70 वर्ष की हो गईं। स्टालिन ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, पश्चिम बंगाल की माननीय मुख्यमंत्री ममता दीदी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। जनसेवा के प्रति आपका समर्पण सकारात्मक बदलाव लाता रहे, ऐसी कामना करता हूं। उन्होंने कहा, ''आपके लिए खुशियों, सामर्थ्य और सफलता से भरे लंबे जीवन की कामना करता हूं।'' पश्चिम बंगाल सरकार के अनुसार बनर्जी का जन्म पांच जनवरी, 1955 को कोलकाता में प्रोमिलेश्वर बनर्जी और गायत्री बनर्जी के घर हुआ था। अपने राजनीतिक जीवन में विभिन्न पदों पर रह चुकीं बनर्जी ने मई 2011 में पश्चिम बंगाल की पहली महिला मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी।

## तमिलनाडु में बांग्लादेश के सात नागरिक हिरासत में लिए गए

**इरोड/भाषा।** तमिलनाडु के इरोड स्थित कारखानों में काम करने वाले बांग्लादेश के सात नागरिकों को हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि इन बांग्लादेशियों के पास पासपोर्ट और वीजा नहीं था, इसलिए उन्हें पकड़ा गया। पुलिस के अनुसार, भारत के उत्तरी भागों से आये श्रमिक अपने परिवारों के साथ पेरुन्दुरई स्थित कारखानों में काम कर रहे थे।

पुलिस ने केंद्रीय एजेंसी के अधिकारियों के साथ मिलकर वेप्पमपलायम, वल्लीपुरथनपलायम, पेरुंदुरई और पेरुंदुरई तालुका के अन्य स्थानों पर अचानक छापेमारी की, जिसके बाद पता चला कि सात बांग्लादेशी नागरिक बिना पासपोर्ट या वीजा के कारखानों में काम कर रहे थे। सभी बांग्लादेशियों को पेरुंदुरई पुलिस को सौंप दिया गया। पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है ताकि पता लगाया जा सके कि क्या वे क्षेत्र में और उसके आसपास किसी आपराधिक गतिविधि में शामिल थे। तमिलनाडु में ऐसे बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ने के लिए अभियान जारी है। पिछले साल भी इरोड और आसपास के इलाकों में कई लोगों को पासपोर्ट या वीजा न होने की वजह से हिरासत में लिया गया था।

# आईआईएम तिरुचिरापल्ली ने अपना चौदहवां स्थापना दिवस मनाया




दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** भारतीय प्रबंधन संस्थान तिरुचिरापल्ली ने 4 जनवरी को अपना चौदहवाँ स्थापना दिवस मनाया। जिसमें प्रबंधन शिक्षा में उत्कृष्टता, विकास और नवाचार की अपनी यात्रा को याद किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आईआईएम बेंगलूरु के निदेशक प्रो. ऋषिकेश टी. कृष्णन और मुख्य अतिथि के रूप में लार्सन एंड टूब्रो के ग्रुप सीआईओ और ईपीएलसीएम कार्यक्रम के पूर्व छात्र गोपी थंगावेल शामिल हुए।

समारोह की शुरुआत आईआईएम तिरुचिरापल्ली के निदेशक डॉ. पवन कुमार सिंह, डॉ. पी. सरवनन, प्रो. ऋषिकेश टी. कृष्णन, गोपी थंगावेल और डॉ. गॉडविन टेनिसन द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जो संस्थान के उज्वल भविष्य का प्रतीक है। डॉ. पी. सरवनन, डीन कॉरपोरेट रिलेशंस और फैकल्टी अफेयर्स ने स्वागत भाषण देते हुए गणमान्य व्यक्तियों और उपस्थित लोगों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने संस्थान की उपलब्धियों और भविष्य के लिए दृष्टिकोण पर विचार करते हुए दिन की शुरुआत की।

अपने संबोधन में डॉ. पवन कुमार सिंह ने आईआईएम तिरुचिरापल्ली की यात्रा पर जोर दिया, जिसमें विकास के तीन अलग-अलग चरणों पर प्रकाश डाला गया। इसके प्रारंभिक वर्ष, पहचान की खोज और अपने मूल मिशन से परे एक विशेष उद्देश्य की वर्तमान खोज। उन्होंने आगे के मार्ग के बारे में आशावाद व्यक्त किया, सकारात्मकता पर संस्थान के फोकस और 2030 तक बुनियादी ढांचे की चुनौतियों को दूर करने की आकांक्षा पर जोर दिया। उन्होंने छात्रों, सहकर्मियों और आईआईएमटी समुदाय को हैप्पी फाउंडेशन डे की शुभकामनाएं दीं।

मुख्य अतिथि गोपी थंगावेल ने व्यक्तिगत और व्यावसायिक सफलता के लिए आधार के रूप में नेटवर्क बनाने के महत्व पर अपने विचार साझा किए, और इस भावना को दोहराया, आपका नेटवर्क ही आपकी कुल संपत्ति है। उन्होंने संस्थान के प्रभाव पर प्रकाश डाला, जिसमें पूर्व छात्र 35 देशों में और भारत के सकल घरेलू उत्पाद में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। छात्रों को अनुकूलनशीलता और दृढ़ता को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करते हुए, उन्होंने भविष्य में आईआईएम तिरुचिरापल्ली से और अधिक महत्वपूर्ण योगदान की उम्मीद व्यक्त करते हुए समापन किया।

मुख्य अतिथि, प्रो. ऋषिकेश टी. कृष्णन ने प्रबंधन शिक्षा में अपने 34 वर्षों से अधिक के अनुभव को साझा किया, जिसमें केस स्टडी पद्धति के माध्यम से विकसित की गई आलोचनात्मक सोच और आत्म-अनुशासन की भूमिका पर जोर दिया गया।

इस कार्यक्रम में खखचढ समुदाय की उपलब्धियों का भी जश्न मनाया गया। बैच 2023-2025 के लिए 'बेस्ट एमएडी (मेक अ डिफरेंस) प्रोजेक्ट' के विजेताओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए, जिसमें सामाजिक चुनौतियों के लिए उनके अभिनव समाधानों को मान्यता दी गई। एक दशक की सेवा पूरी करने वाले संकाय और कर्मचारियों को उनके समर्पण और योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

समारोह का समापन डीन प्रशासन डॉ. गॉडविन टेनिसन द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसके बाद राष्ट्रगान हुआ, जो आईआईएम तिरुचिरापल्ली के उज्वल भविष्य की ओर बढ़ते गौरव और एकता का प्रतीक है।



## मलयालम अभिनेत्री ने व्यक्ति पर पीछा करने, गरिमा को ठेस पहुंचाने का आरोप लगाया

**तिरुवनंतपुरम/भाषा।** मलयालम अभिनेत्री हनी रोज ने एक व्यक्ति पर उनका पीछा करने और गरिमा को ठेस पहुंचाने का आरोप लगाया।

रोज ने 'फेसबुक' पर एक पोस्ट में हैरानी जताते हुए कहा कि क्या अमीर होने के कारण अपनी कथित श्रेष्ठता के आधार पर किसी महिला का अपमान करना स्वीकार्य है। हालांकि, उन्होंने उस व्यक्ति की पहचान का खुलासा नहीं किया जिस पर उन्होंने आरोप लगाया है।

अभिनेत्री ने पोस्ट में बताया कि व्यक्ति ने उन्हें एक कार्यक्रम में अतिथि के तौर पर आमंत्रित किया था, लेकिन उन्होंने जाने से मना कर दिया था। रोज ने आरोप लगाया कि जब उन्होंने आमंत्रण अस्वीकार कर दिया तो उस व्यक्ति ने बदले की भावना से उनका अपमान करना शुरू कर दिया।

उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के दौरान उक्त व्यक्ति ने उनकी (अभिनेत्री की) गरिमा को ठेस पहुंचाने वाली टिप्पणियां की थीं। अभिनेत्री ने सवाल किया कि क्या कानूनी प्रणाली इस तरह के व्यवहार के खिलाफ कोई सुरक्षा प्रदान नहीं करती है। हनी रोज ने मलयालम, तमिल और तेलुगु फिल्मों में अभिनय किया है।

# केरल में एक लड़के के आत्महत्या कर लेने के बाद दंपति गिरफ्तार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**कोल्लम/भाषा।** केरल के कुन्नाथूर में दसवीं कक्षा के एक विद्यार्थी के मृत पाये जाने पर रविवार को एक व्यक्ति और उसकी पत्नी को आत्महत्या के लिए उकसाने को लेकर गिरफ्तार किया गया।

पुलिस ने यह जानकारी दी। उसने बताया कि सुरेश और उसकी पत्नी गीतू उस विद्यार्थी के रिश्तेदार हैं, जिसने आत्महत्या कर ली। पुलिस के अनुसार, एक दिसंबर, 2024 को 10वीं कक्षा के 15 वर्षीय आदिकृष्णन अपने घर में फांसी पर लटका मिला था।

पुलिस के मुताबिक, आदिकृष्णन के माता-पिता ने शिकायत दर्ज करायी थी कि उनके रिश्तेदारों द्वारा किये गये शारीरिक एवं मानसिक उत्पीड़न के चलते उनके बेटे ने यह अतिवादी कदम उठाया।

उन्होंने कहा कि सुरेश और गीतू ने सोशल मीडिया एकाउंट के माध्यम से संदेश भेजने को लेकर आदिकृष्णन की पिटाई की थी। इस शिकायत के बाद सस्थामकोट्टा पुलिस ने जांच शुरू की।

पुलिस के मुताबिक, अदालत ने आरोपियों की अग्रिम जमानत आवेदन खारिज कर दिया था जिसके बाद वे छिप गये थे।

पुलिस का कहना कि आरोपियों को आत्महत्या के लिए उकसाने को लेकर आरोपित किया गया है तथा उन्हें अदालत में पेश किया जाएगा।

## कॉलेज छात्रावास की इमारत से गिरने से एमबीबीएस छात्रा की मौत

**कोच्चि/भाषा।** कोच्चि के एक निजी मेडिकल कॉलेज के छात्रावास की इमारत की सातवीं मंजिल से गिरने से एक छात्रा की मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि फातिमा शाहना के. यहां चलक्का में श्री नारायण आयुर्विज्ञान संस्थान की एमबीबीएस द्वितीय वर्ष की छात्रा थी। पुलिस के मुताबिक, घटना शनिवार रात 11 बजे हुई और शुरुआती जांच से पता चला है कि वह इमारत की सातवीं मंजिल के गलियारे से फिसल गई। अधिकारियों ने कहा कि विस्तृत जांच और पूछताछ जारी है।

## केरल में व्यक्ति कार के अंदर मृत मिला

**कोच्चि/भाषा।** केरल के कोच्चि में एक होटल के बाहर खड़ी कार में 65 वर्षीय व्यक्ति मृत मिला। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। मृतक की पहचान जोशी वी. के. के रूप में हुई है, जो कोच्चि के पास अलुवा के निवासी थे। पुलिस के अनुसार पेशे से कैब चालक जोशी शनिवार रात को अपनी कार में एक यात्री को लेकर होटल पहुंचे थे। पुलिस के अनुसार संदेह है कि कैब चालक की मृत्यु कल रात हुई होगी, जब वह उक्त व्यक्ति को छोड़ने के बाद होटल के बाहर खड़ी अपनी कार में वापस लौटे थे।

पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि जोशी को संभवतः दिल का दौरा पड़ा या वह किसी अन्य बीमारी की वजह से वाहन के अंदर अचानक गिर गए। अधिकारी ने कहा, हमने इलाके के सीसीटीवी फुटेज की पड़ताल की। फुटेज से साफ पता चलता है कि कैब चालक जोशी को अचानक बेचैनी महसूस हुई और जैसे ही वह वाहन में बैठने वाले थे, वह गिर पड़े। पुलिस ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद ही मौत का सही कारण पता चलेगा। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# नीलांबुर जंगल में हाथी ने आदिवासी व्यक्ति को कुचला, मौत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मलप्पुरम/भाषा।** केरल में नीलांबुर के पास घने जंगल से गुजरते समय एक आदिवासी व्यक्ति को जंगली हाथी ने कुचल कर मार डाला। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना करुलाई वन क्षेत्र के पूचप्पारा बस्ती में उस दौरान हुई जब चोलनाइकन समुदाय के सदस्य मणि और अन्य लोग अपने बच्चों को आदिवासी छात्रावास में छोड़कर अपनी बस्ती की ओर जा रहे थे।

स्थानीय लोगों के अनुसार, घटनास्थल पर दो बुजुर्ग, 18-19 वर्ष के तीन युवा और मणि का पांच वर्षीय बच्चा था। हाथी के अचानक हमला किए जाने से मणि घायल हो गया, हालांकि बाकी सभी सुरक्षित बच गए। स्थानीय व्यक्ति विनोद ने संवाददाताओं को बताया, हाथी के हमले के दौरान मणि का बच्चा उसकी गोद में था। हमले के दौरान बच्चा जमीन पर गिर गया। वहां मौजूद अन्य लोगों ने उसे उठाया और सुरक्षित बचा लिया। यह हमला शाम करीब 6.45 बजे हुआ।

करुलाई वन क्षेत्र की पूचप्पारा बस्ती के सुदूरवर्ती क्षेत्र में स्थित होने के कारण मणि को अस्पताल ले जाने के लिए एंबुलेंस नहीं पहुंच पाई। हमले के बारे में पता चलने पर मणि के भाई घटनास्थल पर पहुंचे और उन्होंने मणि को अपने कंधों पर उठाकर 1.5 किलोमीटर से ज्यादा दूर तक ऐसे इलाके में ले गए जहां वाहनों का आवागमन होता था। इसके बाद मणि को नीलांबुर के सरकारी अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उसकी मौत हो गई। केरल के वन मंत्री ए.के. ससीन्द्रन ने मणि की मौत पर दुख व्यक्त किया और उनके परिवार को मुआवजा देने का आश्वासन दिया।


**सवारी डिब्बा कारखाना**

**निविदा सूचना सं.सडिका/बिजली/निर्माण/2024-25, दिनांकः 06.01.2025**

भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से उप मुख्य बिजली इंजीनियर/ अनु/शेल, सवारी डिब्बा कारखाना निम्नलिखित कार्य के लिए ई – निविदा आमंत्रित करते हैं

| निविदा सं. | कार्य का नाम | अनुमानित मूल्य (रूपए लाख में) | बयाना राशि रूपए मे | निविदा बंद करने की तारीख एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) |
| 2024245211655 | EL-AMC-2024-25-17 मिट्टी की खुदाई और उससे संबंधित अन्य कार्यों के लिए क्षेत्रीय ठेका दो साल की अवधि के लिए/बिजली विभाग। | 61.35 | 1,22,700/– | 27.01.2025 के 15.30 बजे। |

आवेदन जमा करने की वेबसाइटः **www.ireps.gov.in**

**सवारी डिब्बा कारखाना**

**निविदा सूचना संख्या ICF-CME-OA-OT-01-24-25 दिनांकः 06/01/2025**

भारत के राष्ट्रपति के लिए ओर उनकी से, उप-मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/गुणवत्ता आश्वासन/फर., सवारी डिब्बा कारखाना, निम्नलिखित सेवा अनुबंध के लिए ई-निविदा आमंत्रित करता है।

| निविदा सं. | कार्य का नाम | अनुमानित मूल्य रूपए में | बयाना राशि रूपए में | निविदा खुलने की तारीख और समय |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) |
| 2024471211640 | 18 महीने की अवधि के लिए कार्य के दायरे के अनुसार आईसीएफ/चेन्नई में गुणवत्ता प्रबंधन निरीक्षण और परीक्षण सेवाएँ | 7,49,65,837.60 | 5,24,800.00 | 28.01.2025 15.30 बजे |

आवेदन जमा करने की वेबसाइटः **www.ireps.gov.in**
उपरोक्त निविदा अधिसूचना का हिन्दी संस्करण https://icf.indianrailways.gov.in में उपलब्ध है।

**सवारी डिब्बा कारखाना**

**निविदा सूचना सं. डब्ल्यू/डब्ल्यू/14/वॉल. 52**

स्टालों हेतु स्वीकृति पत्र जारी होने की तारीख से 3 वर्ष की अवधि के लिए निम्नलिखित स्टालों को चलाने के लिए उपयुक्त और प्रतिष्ठित व्यक्तियों से प्रधान मुख्य इंजीनियर / सवारी डिब्बा कारखाना, चेन्नै-38 द्वारा ऑनलाइन प्रस्ताव आमंत्रित किए जाते हैं।

**स्थानः सडिका दक्षिण कॉलोनी**

| स्टाल सं. | वर्ग मी. में क्षेत्र | प्रथम वर्ष के लिए आरक्षित मूल्य | किसी भी प्रकार का व्यवसाय जैसा कि नीचे बताया गया है:- |
|---|---|---|---|
| 1 | 19.25 | 1,15,893+GST जैसा लागू हो | (A) मछली/मटन/चिकन/समुद्री फूड (B) फास्ट फूड (C) सैलून/ब्यूटी पार्लर (D) इलेक्ट्रिकल मरम्मत/एलपीजी सर्विसिंग (E) साइकिल/2 व्हीलर मरम्मत और स्पेयर पार्टस (F) फैंसी स्टोर, न्यूज मार्ट, किताबें (G) ट्रैवल एजेंसी (H) प्रिंटिंग प्रेस (I) कपड़ा/रेडीमेड परिधान/टेलरिंग (J) प्रोविजन आइटम (K) चाय, टिफिन और स्नैक्स (L) डीटीपी, जेरॉक्स, एसटीडी/आईएसडी/पीसीओ, इंटरनेट ब्राउजिंग सेंटर (M) बेकरी प्रोडक्टस/आइसक्रीम (N) बेटल नट, कूलड्रिंक्स (O) सब्जियां और फल (P) क्लिनिक (Q) धुले कपड़ों की इस्त्री (R) फार्मेसी |
| 3 | 19.25 | 1,15,893+GST जैसा लागू हो | |
| 4 | 19.25 | 1,15,893+GST जैसा लागू हो | |
| 5 | 19.25 | 1,15,893+GST जैसा लागू हो | |
| 10 | 19 | 1,23,161+GSTजैसा लागू हो | |

**निविदा खुलने की तिथि–29.01.2025@10.30** बजे। यदि कोई लाइसेंसधारी लाइसेंस अवधि के दौरान अपने लाइसेंस को समय से पहले बंद करना चाहता है तो सडिका प्रशासन के पास लाइसेंस शुल्क और सुरक्षा जमा के रूप में उपलब्ध राशि जब्त कर ली जाएगी।

विस्तृत निविदा सूचना, नियम एवं शर्तें और दिशानिर्देशों के लिए www.icf.Indianrailways.gov.in देखें।

**सवारी डिब्बा कारखाना**

**निविदा सूचना**

निम्नलिखित ई-निविदाएँ IREPS वेबसाइट पर प्रकाशित की गई हैं। फर्मों से अनुरोध है कि वे www.ireps.gov.in पर लॉगइन करें और निविदा के लिए कोट करें। निविदा के लिए मैन्युअल कोटेशन स्वीकार नहीं किए आएँगे।

| क्र. सं. | निविदा सं. | खुली निविदा फाइल संदर्भ सं. | कार्य का नाम | मात्रा / अनुसूची विवरण | निविदा बंद/खुलने की तारीख और समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2024471211649 –एचके–एलएचबी | एमएल/सी / ओटी/33/ सीएचके / एलएचबी/ 2025–27 | एलएचबी डिवीजन की कांप्रेहेन्सिग हाउसकीपिंग के लिए सर्विस कांट्रेक्ट। | 600 कार्य दिवस | 16.01.2025 15.00 बजे |
| 2 | 2024471211656 – ओटी 34 – स्प्रिंग | एमएस/सी/ ओटी / 34 / स्प्रिंग पैकिंग/ 2024–25 | आरडीएसओ दिशानिर्देश संख्या आरडीएसओ/ 2017/सीजी–01 (संशोधन 02), दिनांक फरवरी 2023 के अनुसार स्प्रिंग्स की पैकिंग। | 29190 अदद | 16.01.2025 15.00 बजे |

मुलाकात



केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत रविवार को जोधपुर से दिल्ली रवाना होने से पूर्व एयरपोर्ट पर गणमान्यजनों से मुलाकात करते हुए।

# राजस्थान में कहीं-कहीं अति घना कोहरा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान में रविवार सुबह कहीं–कहीं पर घने से अति घना कोहरा रहा। जयपुर मौसम केन्द्र के अनुसार राज्य में आगामी चार से पांच दिन मौसम मुख्यतः शुष्क रहने तथा अधिकांश भागों में न्यूनतम व अधिकतम तापमान में दो से चार डिग्री गिरावट होने की संभावना है। मौसम केन्द्र के प्रवक्ता के अनुसार बीकानेर, जयपुर व भरतपुर संभाग के कुछ भागों में आगामी तीन दिन कहीं–कहीं घना कोहरा छाने की संभावना है।

उन्होंने बताया कि आगामी 10–12 जनवरी को एक और मजबूत पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से बीकानेर, जयपुर, भरतपुर संभाग के क्षेत्रों में मेघ गर्जन के साथ बारिश होने की संभावना है। उन्होंने बताया कि राज्य में शनिवार को सर्वाधिक अधिकतम तापमान चित्तौड़गढ़ में 31.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया तथा राज्य के एक मात्र पर्वतीय पर्यटक स्थल माउंट आबू में न्यूनतम तापमान 6.4 डिग्री सेल्सियस, वनस्थली (टोंक) में 6.9 डिग्री दर्ज किया गया।

उन्होंने बताया कि रविवार सुबह अलवर में न्यूनतम तापमान 7.2 डिग्री सेल्सियस, सिरोही में 7.9 डिग्री, पिलानी–जैसलमेर में 8.3 डिग्री, डबोक 9.1 डिग्री, धौलपुर में 9.3 डिग्री, चूरू में 9.6 डिग्री, गंगानगर–बीकानेर में 9.8 डिग्री, और अन्य प्रमुख स्थानों पर 10.2 डिग्री सेल्सियस से लेकर 13.2 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया।



पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का रविवार को जोधपुर पहुंचने पर एयरपोर्ट पर आमजन एवं कार्यकर्ताओं से मुलाकात की।

# राजेंद्र राठौड़ की स्कूल में वसूली जाती है 3 लाख रुपए फीस : डोटासरा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान मे अंग्रेजी मीडियम स्कूलों को लेकर सियासत गरमा गई है। पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा ने बीजेपी के भी कई नेताओं को आडे. हाथ लिया है। एक चैनल को दिए इंटरव्यू में उन्होंने बीजेपी से सवाल किया कि वे अपने बच्चों को किस मीडियम में पढ़ाते हैं? उन्होंने आरोप लगाया कि ये लोग नहीं चाहते कि गरीब का बच्चा फ्री में इंग्लिश एजुकेशन ले पाएं। पीसीसी चीफ ने सवाल उठाया कि आप बताइए ऐसे लोग अपने बच्चों को इंग्लिश मीडियम में पढ़ाएंगे और मतलब गरीब का बेटा नहीं पढ़ेगा। बीजेपी का कोई ऐसा नेता बता दो जो इंग्लिश मीडियम स्कूल में अपने बच्चों को नहीं पढ़ाता है और हिंदी मीडियम में ही पढ़ा रहा है। आज राजेंद्र राठौड़ की इंग्लिश मीडियम स्कूल है, उनसे पूछा जाना चाहिए कि उसमें क्या वो हिंदी पढ़ाते हैं? वहां अंग्रेजी भाषा में पढ़ाई होती है और



एक–एक बच्चे की 3 लाख रुपए स्कूल फीस लेते हैं। यानी कि इतनी फीस लें तो स्कूल चलनी चाहिए और फ्री में जिसको ऐसी पढ़ाई करा रहे हैं, वह स्कूल बंद होनी चाहिए। फिर कहते हैं कि हम सरकार की आलोचना करते हैं।

उल्लेखनीय है कि भजनलाल सरकार ने राज्य में महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल की समीक्षा के लिए रिव्यू कमेटी गठित किए जाने के बाद कांग्रेस लगातार हमला बोल रही है।

खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा का जिक्र करते हुए डोटासरा ने कहा, सुमित गोदारा खुद ही इंग्लिश में बोलते हैं, इंग्लिश कॉन्वेंट स्कूल में पढ़े हुए हैं। उन्होंने मुझे विधानसभा में कहा था कि ज्यादा से ज्यादा इंग्लिश मीडियम स्कूल दीजिएगा। उनके क्षेत्र में 33 स्कूलें हैं, गजेंद्र सिंह शेखावत खुद इंग्लिश में बोलते हैं। वो विदेश में भी पढ़े होंगे।

# कांग्रेस ने हिंदुओं और सनातन को की बदनाम करने की कोशिश : बालमुकुंद आचार्य

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। महाराष्ट्र के नांदेड़ जिले में 2006 में हुए विस्फोट मामले में महाराष्ट्र की निचली अदालत ने सभी आरोपियों को बरी कर दिया है। इस पर राजनीतिक प्रतिक्रिया आनी शुरू हो गई है। जयपुर से भाजपा विधायक बालमुकुंद आचार्य ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्होंने सनातन और हिंदू धर्म को बदनाम करने की कोशिश की, लेकिन न्यायालय का फैसला हमारे पक्ष में रहा।

भारतीय जनता पार्टी से विधायक बालमुकुंद आचार्य ने कहा, इस फैसले के लिए मैं न्यायालय का बहुत धन्यवाद देता हूं। जिस प्रकार से कांग्रेस ने एक षड्यंत्र रचा था और उनके मित्र जिसे ठगबंधन कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी, ने हिंदू आतंकवाद नाम लिया था। हिंदुओं और सनातन को बदनाम करने की चेष्टा की गई थी, आज वह विफल हो गया है। न्यायालय का फैसला पूरी तरह से हिंदू और सनातन के पक्ष में है। उन्होंने आगे कहा, कई प्रकार के आरोप–प्रत्यारोप लगाकर और हिंदू आतंकवाद कहते हुए महाराष्ट्र में जो घटना घटी थी। इसकी जांच में कोई दोषी नहीं पाया गया। जिनको हिंदू आतंकवाद कहा गया था, उनको आज दोषमुक्त किया गया है।



उन्होंने कहा परिवारवादी कांग्रेस पार्टी, जो सनातन और हिंदुओं को लेकर षड्यंत्र रचती है। उनके मुहं पर तमाचा है। दोबारा हिंदुओं और सनातन को आतंकवादी कहने की चेष्टा नहीं करना। देश ने उनको डिलीट मार दिया है। हिंदू और सनातन को ठेस पहुंचाने के लिए वो जो षड़यंत्र रचते हैं, उसको बंद कर देना चाहिए। क्योकि सनातन दूसरों की सेवा करने के लिए है। सनातन धर्म, वसुधैव कुटुंबकम और पूरे देश में सुख–शांति की बात करता है।

भाजपा विधायक ने कहा कि कांग्रेस ने बहुत षड्यंत्र रचे, देश को गुमराह करने का काम किया। कांग्रेस पार्टी लगातार यही काम करती आई है। लेकिन हमने धैर्यपूर्वक न्यायालय के फैसले का इंतजार किया। राम मंदिर को लेकर भी न्यायालय ने फैसला दिया था। अब जब एक बार फिर हमारे पक्ष में यह फैसला आया तो, मैं कहना चाहूंगा कि कांग्रेस हिंदुओं और सनातनियों के खिलाफ ऐसे षड्यंत्र रचने की चेष्टा नहीं करे।



# अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करे पुलिस : देवनानी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। अजमेर शहर की सुरक्षा के इतिहास में एक नया अध्याय रविवार से जुड़ गया। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने रविवार को अजमेर के पुष्कर रोड़ स्थित पुरानी विश्राम स्थली में नये हरिभाउ उपाध्याय नगर पुलिस थाने का शुभारम्भ किया। पुलिस थाने में पूरे स्टाफ की नियुक्ति कर दी गई है। पुलिस ने शुभारम्भ के साथ ही काम–काज संभाल लिया। यह पुलिस थाना हरिभाऊ उपाध्याय नगर सहित आसपास की करीब एक लाख आबादी को सुरक्षा प्रदान करेगा।

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने पुलिस थाने के शुभारम्भ के बाद आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि अजमेर शहर में विगत 25 सालों में कोई नया थाना नही खुला था। क्रिश्चयनगंज थाने का क्षेत्राधिकार बहुत बड़ा होने के कारण पुलिस काफी वर्क लोड में काम कर रही थी। हमने राज्य सरकार के गठन के साथ ही इस दिशा में काम करना शुरू किया और पहले ही बजट में इस थाने के गठन को मंजूरी दिलाई। नया थाना कोटड़ा, हरिभाऊ उपाध्याय नगर, बीके कौल नगर रातीडांग और आसपास के क्षेत्र की कॉलोनियों में सुरक्षा प्रदान करेगा।

उन्होंने कहा कि अजमेर शहर में दूसरे देशों से आने वाले घुसपैठियों, अतिक्रमण, अवैध कब्जों और अपराधों की शिकायतें लगातार बढ़ती जा रही है। पुलिस इनके खिलाफ सख्त कार्यवाही करें। पुलिस का उद्देश्य है अपराधियों में खौफ और आमजन में विश्वास। पुलिस अपने आदर्श वाक्य की पालना के लिए सख्त पुलिसिंग करें। अजमेर में भूमाफिया, भ्रष्टाचार, अतिक्रमण और अवैध कब्जों को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पुलिस से लोगों को चिन्हित करें और एक्शन लें।

उन्होंने कहा कि पिछले बजट में अजमेर जिले के लिए 1500 करोड़ रूपए की सौगातें मिली है। यह बजट घोषणाएं अजमेर में विकास के नए आयाम स्थापित करेगी। बजट घोषणाओं के तहत अजमेर में पेयजल की समस्या के निराकरण के लिए 270 करोड़ रूपए की घोषणा की गई है। इस राशि से नसीराबाद से नौसर तक नई पाइप लाईन और तीन नये सर्विस रिजर्व वायर बनाए जाएंगे। माकड़वाली गांव में आईटी पार्क की स्थापना होगी। कोटड़ा में नया सैटेलाइट अस्पताल स्थापित किया जा रहा है। जवाहर लाल नेहरू अस्पताल में सुपरस्पेशिलिटी ब्लॉक बनेगा। अजमेर में स्पोर्ट्स कॉलेज, एथलेटिक्स एकेडमी, बालिका सैनिक स्कूल सहित अहम घोषणाएं की गई है। तेलंगाना हाउस का आवंटन निरस्त किया गया है। सांईस पार्क का निर्माण पुनः शुरू करवाया गया है।

# घरेलू विवाद के बाद पति ने पत्नी और बेटे के धारदार हथियार से हत्या की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के हनुमानगढ़ जिले के भादरा थाना क्षेत्र में रविवार को घरेलू विवाद के बाद एक व्यक्ति ने पत्नी और छह माह के बेटे की कथित तौर पर धारदार हथियार से हत्या कर दी। थानाधिकारी भूप सिंह सहारण ने बताया कि वार्ड संख्या सात के हाथियावाला बास के निवासी प्रेम (25) ने रविवार सुबह पत्नी राधिका (22) और बेटे को जान से मार दिया।

उन्होंने बताया कि हत्या के बाद आरोपी कमरा बंद करके गोगामेडी मेले में चला गया जहां एक हेड कांस्टेबल ने उसे खून से सने कपड़ों में संदिग्ध अवस्था में घूमते पाया तो पूछताछ की , जिसके बाद घटना का खुलासा हुआ। सहारण ने बताया कि आरोपी ने पूछताछ के दौरान पत्नी और बेटे की हत्या की बात कबूल की है। अधिकारी ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिये अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है जबकि मृतका के परिजनों के हरियाणा से यहां पहुंचने पर पोस्टमार्टम करवाया जायेगा।

उन्होंने बताया कि आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) की टीम ने घटनास्थल से नमूने ले लिये हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सहारण ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि आरोपी और मृतका दोनों रिश्ते में मौसेरे भाई बहन थे। उन्होंने कहा कि दो दिन पहले उनका झगड़ा हुआ था।



# नव प्रशिक्षित वनरक्षक प्रकृति संरक्षण का कार्य आधुनिक तकनीक के समन्वय से पूर्ण निष्ठा के साथ करें : यादव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। केंद्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्री भूपेन्द्र यादव के मुख्य आतिथ्य एवं पर्यावरण एवं वन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा की अध्यक्षता में रविवार को अलवर के ग्राम ठेकडा स्थित राजस्थान पुलिस ट्रेनिंग स्कूल में वानिकी सैटेलाईट प्रशिक्षण संस्थान, राजस्थान वानिकी एवं वन्यजीव प्रशिक्षण संस्थान जयपुर के 119वें वनरक्षक आधारभूत प्रशिक्षण सत्र के पासिंग आउट परेड एवं समापन समारोह तथा 120वें वनरक्षक आधारभूत प्रशिक्षण सत्र के उद्घघाटन समारोह का कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें अतिथियों ने पास आउट वनरक्षकों की परेड का निरीक्षण किया एवं परेड की सलामी ली। साथ ही उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र व स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। केंद्रीय मंत्री यादव ने वनरक्षक प्रशिक्षुकों को पासिंग परेड की बधाई व शुभकामनाएं देकर उनके उज्वल भविष्य की कामना कर कहा कि दीक्षांत परेड के सहभागी का प्रशिक्षण प्राप्त करने से केरियर का नया अध्याय प्रारम्भ हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण से तकनीकी कुशलता, प्रक्रियागत एवं कानूनी जानकारी के साथ टीम भावना का विकास होता है। यह प्रशिक्षण प्रशिक्षुओं के जीवन का मुख्य पड़ाव बनने में साबित होगा। उन्होंने कहा कि यह नौकरी ही नहीं बल्कि प्रकृति के प्रति ट्रस्टी के रूप में कार्य करने का उत्तम अवसर है। वन मंत्रालय निरन्तर पर्यावरण संतुलन एवं वन्यजीवों के संरक्षण के लिए तत्परता के साथ कार्य कर रहा है, जिसमें वनरक्षकों का प्रमुख कर्तव्य है कि वे वन एवं वन्यजीवों की रक्षा की जिम्मेदारियों को मुस्तैदी से पूरा करें।

यह हर्ष का विषय है कि फोरेस्ट सर्वे ऑफ इंडिया की वन मंत्रालय द्वारा जारी नवीनतम द्विवार्षिक रिपोर्ट में देश के वन क्षेत्रफल में वृद्धि हुई है।

भारत ने अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जो तीन बडें क्वांटिटी ऑफ़ कॉन्ट्रेब्यूशन तय किये थे उनमें भारत दुनिया में जलवायु परिवर्तन प्रगति के कारण जो कार्बन उत्सर्जन होता है उसमें 40 प्रतिशत कटौती करेगा और यह लक्ष्य 2030 तक के लिए तय किया था लेकिन यह लक्ष्य हमने समय से 9 साल पहले पूरा कर ऐतिहासिक कीर्तिमान स्थापित किया है। दूसरा लक्ष्य रिन्यूबल एनर्जी क्षमता को बढा कर 45 प्रतिशत करेगे यह लक्ष्य भी 2030 तक पूरा करना था लेकिन यह लक्ष्य हमने 2021 में ही प्राप्त कर लिया है और भारत ने रिन्यूबल एनर्जी की क्षमता को बढ़ाकर 50 प्रतिशत तय किया है तथा तीसरा लक्ष्य विशेष रूप से विभाग से संबंधित है जो ग्रीन कार्बन सिंक एरिया को बढ़ाकर 33 प्रतिशत का लक्ष्य था उस लक्ष्य को लेकर जो वन विभाग की रिपोर्ट आई है वह 2.90 गीगा टन कार्बन सिंक के लक्ष्य को 2030 तक प्राप्त कर लिया जाएगा।



राज्यपाल बागड़े ने भद्र हनुमानजी की विधिवत पूजाअर्चना की और इस दौरान देश और प्रदेशवासियों की सुख, संपन्नता और खुशहाली के लिए कामना की।

# बीकानेर रेंज के 8 एसआई निलंबित

बीकानेर। एसआई भर्ती परीक्षा पेपर लीक प्रकरण में विभागीय कार्यवाही के तहत बीकानेर रेंज के आईजी ओमप्रकाश ने आठ सब इंस्पेक्टरों को निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई एसओजी की ओर से की गई जांच के आधार पर की गई है, जिसमें 2021 की एसआई भर्ती परीक्षा में नकल के आरोप में गिरफ्तार किए गए सब इंस्पेक्टरों का नाम सामने आया था। निलंबित किए गए एसआई में श्रीगंगानगर जिले के करणपाल गोदारा, जगराज, मनीष बेनीवाल, श्रवण कुमार, मनीष, अंकित गोदारा, बीकानेर की मंजू बिश्नोई और हनुमानगढ़ की मंजू देवी शामिल हैं।



# अजमेर दरगाह में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की ओर से चादर चढ़ाई गई

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। अजमेर दरगाह में जारी उर्स के दौरान रविवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की ओर से सूफी संत मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह पर चादर चढ़ाई गई। दरगाह कमेटी के पूर्व उपाध्यक्ष मुनव्वर खान ने सिंह की ओर से चादर पेश की। उन्होंने सिंह द्वारा भेजा गया संदेश भी पढ़ा। संदेश में सिंह ने कहा कि ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती ने भाईचारे का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि उर्स में सभी धर्मों और सम्प्रदायों के लोग श्रद्धा की भावना के साथ शामिल होते हैं।

## सुविचार

**जब एक कच्ची मिट्टी का बर्तन टूट जाता है तो कुम्हार उस गीली मिट्टी से नया बना देता है ; परंतु यदि एक मिट्टी का पका हुआ बर्तन टूट जाए तो फिर उससे नया नहीं बन सकता।**

### दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# कंगाल होने का दांव?

ऑनलाइन गेम में रुपए कमाने के नाम पर जिस तरह नौजवानों को इसकी लत लग रही है, वह अत्यंत चिंता का विषय है। पिछले एक साल में ऐसे कई मामले सामने आ चुके हैं, जब किसी शख्स ने इन प्लेटफॉर्म पर बड़ी रकम गंवाई और बाद में कोई गलत कदम उठाया। जीतने की चाहत और जल्द धनवान बनने की हसरत ऐसे नौजवानों को अपराध की ओर भी धकेल रही है। सरकार को इस ओर ध्यान देना चाहिए। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में तो एक युवक बैंक लूटने ही पहुंच गया। यह तो बैंक स्टाफ की सूझबूझ और पुलिस की सतर्कता काम आई, अन्यथा उस युवक के मंसूबे पूरे हो जाते। पूछताछ से पता चला कि उसे ऑनलाइन गेम की लत लग गई थी, जिसमें काफी रुपयों का नुकसान हो गया था। जब 'भरपाई' करने के लिए कुछ नहीं बचा तो बैंक लूटने का इरादा कर लिया! जो उम्र पढ़-लिखकर अपना भविष्य बनाने की थी, उसमें अपराध कर बैठा और जेल पहुंच गया। यह कोई पहला मामला नहीं है और न ही आखिरी होगा। जो लोग ऑनलाइन गेम में मालामाल होने का सपना लेकर दांव लगाते हैं, वे आखिर में ऐसे किसी मोड़ पर पहुंच जाते हैं, जब न तो उन्हें आगे बढ़ने का रास्ता दिखाई देता है और न 'पीछे लौटने' का वक्त रहता है। उत्तर प्रदेश के झांसी में तो इससे भी ज्यादा गंभीर मामला सामने आया। वहां 19 वर्षीया नर्सिंग छात्रा पर ऑनलाइन गेम का जुनून इस कदर हावी हो गया कि उसने पढ़ाई-लिखाई के बजाय पूरा ध्यान इस पर ही देना शुरू कर दिया था। शुरुआत में उसे यह मुनाफे का सौदा लगा, जहां संबंधित ऐप की ओर से कमाई के बड़े-बड़े सब्जबाग दिखाए गए थे। वह छात्रा धीरे-धीरे इस जाल में ऐसे फंस गई कि दोस्तों से रुपए उधार लेकर लगाने लगी। उसने लगभग ढाई लाख रुपए गंवा दिए।

उस छात्रा की स्थिति एक हारे हुए जुआरी जैसी थी। आखिरकार उसने अपने अपहरण का झूठा नाटक रचा और दोस्तों के जरिए फिरौती मांगी। छात्रा के पिता ने पुलिस की मदद ली। पुलिस ने ठीक तरह से जांच की और मामले का खुलासा कर दिया। छात्रा और उसके दोस्तों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की गई है। अगर वह युवती अपना मन ऑनलाइन गेम खेलने और उसमें रुपए लगाने के बजाय नर्सिंग की पढ़ाई में लगाती तो उसका भविष्य उज्ज्वल होता। आज कॉलेज के विद्यार्थियों के लिए मोबाइल फोन जरूरत बन चुका है। परिजन से संपर्क में रहने, ऑनलाइन पढ़ाई करने और रोजगार संबंधी सूचनाएं पाने जैसे उद्देश्यों के लिए मोबाइल फोन पर निर्भरता बढ़ गई है। कुछ बच्चे इसका इस्तेमाल करते हुए 'भटक' जाते हैं। इस भटकाव के लिए काफी हद तक वे कथित सेलिब्रिटी भी जिम्मेदार हैं, जो विभिन्न विज्ञापनों में यह कहते नजर आते हैं कि फलां ऐप डाउनलोड कीजिए और जीतिए लाखों के इनाम ... पैसा सीधे आपके अकाउंट में! प्राय: नौजवान उनकी 'बातों' में आ जाते हैं। उन्हें लगता है कि इतना बड़ा 'स्टार' कह रहा है तो सच ही कह रहा होगा! चूंकि वे तो उनकी हेयर स्टाइल, हावभाव, बोलने और चलने के अंदाज़ आदि को कॉपी करने में बड़प्पन समझते हैं। बस, यह समझने की ज़हमत नहीं करते कि उनके ये प्रिय सेलिब्रिटी ऐसे विज्ञापनों के लिए मोटी रकम ले चुके हैं। संबंधित ऐप का संचालन करने वाली कंपनी ने उन्हें यह पैसा कहां से दिया होगा? जवाब बहुत आसान है, कई लोगों ने अमीर बनने के लालच में अपनी रकम गंवाई, उसी से कंपनी ने कमाई की और उसका एक हिस्सा सेलिब्रिटी के पास गया। इस 'जाल' में लोग जितने फंसेंगे, उनकी जेबें उतनी खाली होंगी और वह कंपनी मालामाल होगी। यह सीधा-सा हिसाब नौजवान समझ लें तो ऐसे जाल में फंसने से बच जाएं। सरकार, समाज, अभिभावकों और स्कूलों-कॉलेजों की जिम्मेदारी है कि वे नौजवानों को इससे सावधान करें। नौजवानों में भी इतनी समझ होनी चाहिए कि उन्हें अपने वर्तमान को सुधारना और भविष्य को बेहतर बनाना है। पतन की ओर धकेलने वाले लोग चाहे कथित सेलिब्रिटी हों या दोस्त, सहपाठी, रिश्तेदार अथवा पड़ोसी, वे आपके हितैषी नहीं हो सकते। उनसे सावधान रहने में ही भलाई है।

## ट्वीटर टॉक




डॉ. अम्बेडकर इंटरनेशनल सेंटर में अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन द्वारा आयोजित 'अग्र अलंकरण सम्मान समारोह' में सम्मिलित होकर अग्र बंधुओं को संबोधित किया। अग्रसेन जी की नीतियों और आदर्शों पर चलकर अग्रवाल समाज ने सदा ही जनकल्याण को प्राथमिकता दी है।

**-ओम बिरला**



करोड़ों कार्यकर्ताओं के आदर्श, हम सभी के मार्गदर्शक, भाजपा परिवार के वरिष्ठ सदस्य डॉ. मुरली मनोहर जोशी जी को जन्म दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। प्रभु श्री राम से आपके उत्तम स्वास्थ्य और सुदीर्घ जीवन के लिए प्रार्थना करता हूँ।

**-भजनलाल शर्मा**



जोधपुर के लाल सागर में निर्माणाधीन राष्ट्रीय पुनरुत्थान एवं अभिनव शिक्षा केंद्र का अवलोकन किया। समाजसेवी उद्यमी आरके दमानी एवं अन्य दानदाताओं के सहयोग से शिक्षा केन्द्र का निर्माण पूर्णता की ओर है।

**-गजेन्द्र सिंह राठौड़**

## प्रेरक प्रसंग

# संवेदनशीलता का मानदेय

विभाजन से पहले की घटना है। उर्दू के प्रसिद्ध शायर और अपने जमाने के क्रांतिकारी कवि तथा फिल्मी गीतकार साहिर लुधियानवी उन दिनों लाहौर से 'साकी' नामक उर्दू मासिक निकाल रहे थे। साहिर साहब बड़े खुशदिल और विशाल हृदय के व्यक्ति थे। वे सीमित साधनों तथा घाटे में रहने के बावजूद पत्रिका में लिखने वाले लेखकों को रचना के एवज में मुनासिब पारिश्रमिक अवश्य दिया करते। एक बार यथासमय वित्त का बंदोबस्त न होने के कारण लेखकों को पैसे समय पर न भेजे जा सके। शमा लाहोरी ने साहिर के ठिकाने पर आकर पत्रिका में प्रकाशित अपनी दो ग़ज़लों का पारिश्रमिक मांगा। पूस की भयंकर सर्दी में बेचारा दीन शायर थर-थर कांप रहा था। उसे पैसों की सख्त जरूरत थी। साहिर ने शायर को प्रेम से बैठाया और चाय पिलायी। फिर खड़े होकर खूंटी पर टंगा अपना नया कोट उतारा और उसे शमा लाहोरी को सौंपते हुए कहा, 'इस बार हमने शायरों को 'कैश' की बजाय 'काइंड' से नवाजने की पहल की है।' यह उदारता देखकर शायर की आंखों में पानी भर आया।

## सामयिक

# गुरु गोबिंद सिंह : त्याग, बलिदान, साहस एवं शक्ति के प्रेरणा पुंज

प्रमोद दीक्षित मलय

मोबा. 9452085234



भारतवर्ष कर्म की भूमि है और धर्म की भी। इस पावन भूमि का कण-कण दैवीय ऊर्जा से अनुप्राणित है तो वहीं आत्मिक चेतना से उद्भाषित भी। यह पुण्य की तेजोमय अवनि है तो त्याग, बलिदान एवं पराक्रम की उदात्त संवाहक भी। त्यागमूर्ति दशमेश गुरु गोविंद सिंह के शौर्य एवं बलिदान की गाथा हर कंठ का अवलम्बन है। सिख गुरु परंपरा के प्रेरक संत योद्धा गुरु गोबिंद सिंह न केवल सिख पंथ के गुरु एवं उपदेशक हैं अपितु एक समर्थ सिपाही, कवि एवं कुशल सैन्य संगठक भी। उनका जीवन धर्म की रक्षा एवं आतताईयों के विररुद्ध सतत संघर्ष एवं विजय की प्रखर गाथा है।

सिख पंथ के नवम गुरु तेग बहादुर अपने परिवार एवं अनुयायियों के साथ समाज जागरण एवं सामाजिक समरसता के लिए प्रवास हेतु पटना पधारे थे। यहीं पर कुछ समय व्यतीत करने के बाद परिवार को नानक भक्त सालिस राय चौधरी की हवेली में छोड़कर आपको बंगाल एवं असम की यात्रा पर जाना पड़ा। पटना की इसी हवेली में पौष शुक्ल सप्तमी सम्वत 1723 तदनुसार 22 दिसम्बर, 1666 को बालक गोबिंद राय का जन्म माता गूजरी की कोख से हुआ। कालान्तर में यहां राजा रणजीत सिंह ने एक भव्य गुरुद्वारा बनवाया जिसे आज तख्त श्री हरमंदिर साहिब कहते हैं। यहां पर आज भी बालक गोबिंदराय की खड़ाऊं, चार लोहे के तीर, एक कृपाण सुरक्षित रखे हैं। वह कुआं भी विद्यमान है जिससे माता गूजरी जल निकालती थीं तथा उस देहरी को भी बनाये रखा गया है जिसे लांघ कर गुरु तेग बहादुर पहली बार अंदर प्रवेश किये थे। प्रकाश पर्व में यहां भव्य आयोजन होता है।

असम से वापस आने पर बालक गोबिंद राय से पिता की भेंट हुई। पटना साहिब में पिता के साथ चार वर्ष व्यतीत करने के बाद 1670 में परिवार पंजाब चला आया और 1672 में शिवालिक की पहाड़ियों के निकट चक्क नानकी स्थान पर रहने लगे, जिसे आजकल आनंदपुर साहिब कहा जाता है। यहीं पर बालक गोबिंद राय की पढ़ाई-लिखाई एवं सैन्य शिक्षा प्रारंभ हुई। आपने फारसी, ब्रज, हिंदी एवं संस्कृत भाषा की दक्षता अर्जित की एवं घुड़सवारी, तलवारबाजी एवं तीर चलाना भी सीखा, साथ ही करुणा, समता, ममता, न्याय का आदर्श भी।

आनंदपुर साहिब निवास के दौरान ही औरंगजेब की दुष्टता, हिंसा एवं हिंदुओं के जबरिया धर्म परिवर्तन कराए जाने से पीड़ित कश्मीरी पंडितों का एक समूह गुरु तेग बहादुर से मिला और मुगल शासक औरंगजेब की यातना से बचाने एवं हिंदू धर्म की रक्षा हेतु गुहार लगाई। गुरु तेग बहादुर तत्पर हो अपने पांच साथियों के साथ औरंगजेब से मिलने दिल्ली पहुंचे। जहां एक षड्यंत्र के तहत चांदनी चैक में 11 नवम्बर, 1675 को सार्वजनिक रूप से गुरु तेग बहादुर का शीश धड़ से अलग कर दिया गया। उल्लेखनीय है, उसी स्थान पर स्थापित गुरुद्वारा शीशगंज श्रद्धालुओं में त्याग एवं बलिदान का भाव अनवरत भर रहा है। तब 29 मार्च, 1676 को बैसाखी के दिन नौ वर्ष की उम्र में गोबिन्द राय गुरु की गद्दी पर विराजमान हुए। इसी दौरान 21 जून, 1677 को आनंदपुर से दस किमी दूर बसंत गढ में आपका विवाह माता अजीत कौर (बीबी जीतो) के साथ सम्पन्न हुआ। गोबिंद राय न केवल सैन्य शक्ति संचालन में प्रवीण थे बल्कि लेखन कला में भी कुशल थे। आप के दरबार में कवि एवं लेखकों का सम्मान था। आपने कुछ विद्वानों का एक समूह संस्कृत ग्रंथों के अध्ययन हेतु वाराणसी भी भेजा था। आपने जाप साहिब, अकाल उस्तत, चंडी दी वार, जफरनामा जैसी रचनाएं लोक को प्रदान की।

गुरु गोबिंद राय मुगल शासकों के आतंक से समाज एवं धर्म रक्षा के लिए सैन्य संगठन में जुटे हुए थे। यह प्रयास मुगलों के लिए अनजाने न थे। गुरु गोबिंद राय उनके साम्राज्य विस्तार के लिए एक बड़ा अवरोध थे। इस कारण नादौन और भंगाजी में मुगल सूबेदारों के साथ गुरु गोबिंद राय के साथ भयंकर युद्ध हुआ। मुगल पराजित हुए। गुरु सेना की विजय से सैन्य शक्ति का विस्तार और आत्मविश्वास बढ़ा। इसी दौरान बैसाखी के दिन 1699 में गुरु गोबिंद राय ने मुगलों से धर्म एवं राष्ट्र रक्षा के लिए अपने अनुयायियों से पांच बलिदानी शीश मांगे। इस पर पांच जातियों के व्यक्तियों ने एक-एक कर स्वयं को गुरु चरणों में समर्पित कर दिया। ये पांचों वीर पंज प्यारे नाम से जाने गये। गुरु गोबिंद राय ने लोहे के कटोरे में पानी चीनी लेकर दुधारी तलवार से घोलकर अमृत बना पंज प्यारों को छका पहले खालसा बनाया। तब स्वयं छक छठे खालसा बने। खालसा पंथ की स्थापना कर गुरु गोविंद सिंह नाम धारण कर कहा कि जो व्यक्ति मन, विचार एवं कर्म से शुद्ध है वही खालसा है। खालसा पंथ समानता, आत्मसम्मान, निर्भयता, सहनशीलता और जातीय भेदभाव से मुक्त सामाजिक समरसता के दर्शन पर आधारित है। सभी के लिए पंच ककार यथा केश, कंघा, कच्छा, कड़ा और कृपाण रखना अनिवार्य किया गया। खालसा का मत है कि भय काहू को देत नहिं, नहिं भय मानते आप।

गुरु गोबिंद सिंह के खालसा सैन्य शक्ति का विस्तार एवं प्रभाव देखकर औरंगजेब सिहर गया। सूबेदारों एवं नवाबों की संयुक्त शक्ति के साथ मुगल सेना ने वर्ष 1704 में आनंदपुर साहिब में घेरा डाला। पर खालसा सेना के शौर्य के आगे उसके मंसूबे धराशाई हो गए। तब मुगल सेनापति ने छल करते हुए 21 दिसम्बर, 1704 को कुरान की कसम खाकर एक चिट्ठी गुरु गोबिंद सिंह को भेजी कि किला खाली कर कहीं सुरक्षित जाने पर मुगल सेना आक्रमण नहीं करेगी। तब सिख सेनानायकों से परामर्श कर गुरु गोबिंद सिंह किले से बाहर निकले ही थे कि मुगल सूबेदारों ने कुरान की कसम को धता बताते हुए धोखे से आक्रमण कर दिया। इस अप्रत्याशित हमले में गुरु गोबिंद सिंह का परिवार बिछड़ कर सरहिंद की ओर पहुंच गया और गुरु गोविंद सिंह दो पुत्रों एवं 40 साथियों के साथ चमकौर की ओर निकल गये। सरहिंद के नवाब वाजित खान ने गुरु परिवार को पकड़ जोरावर सिंह 8 वर्ष एवं फतेह सिंह 6 वर्ष को इस्लाम स्वीकार करने का आदेश दिया। पर वीर बालकों के मना कर देने पर क्रूर नवाब ने दोनों बालकों को 27 दिसम्बर, 1704 को दीवार में जिंदा चुनवा दिया।

उधर गुरु गोबिंद सिंह को भी लाखों की मुगल सेना ने चमकौर की कच्ची गढ़ी में घेर लिया। तब दशमेश ने कहा कि सवा लाख से एक लड़ाऊं, चिड़ियन ते मैं बाज लड़ाऊं, तब गोविंद सिंह नाम कहाऊं। वाहेगुरु जी का खालसा, वाहेगुरु जी की फतेह का जयघोष करते हुए सिख लड़ाके मुगल सेना पर कहर बन टूट पड़े दोनों। पुत्र जुझार सिंह एवं अजीत सिंह बलिदान हो गए। पंज प्यारों के आज्ञा अनुसार गुरु गोविंद सिंह बचे साथियों के साथ जंगल की ओर निकल गए। पत्नी द्वारा पुत्रों के बारे में पूछने पर सिख सैनिकों की ओर संकेत कर कहा कि इन पुतरन के शीश पर, वार दिए सुत चार। चार मुए तो क्या हुआ, ये जीवित कई हजार। आगे 1705 में मुक्तसर के युद्ध में मुगल सेना को पराजित किया। गुरु गोबिंद सिंह ने 14 युद्ध लड़े और विजय श्री का वरण किया।

अंतिम समय में गुरु गोबिंद सिंह महाराज नांदेड़, महाराष्ट्र में रहकर अनुयायियों का मार्गदर्शन एवं प्रवचन करते रहे। सरहिंद के नवाब वाजित खान ने दो पठानों को गुरु गोविंद सिंह की हत्या हेतु वेश बदलकर भेजा और एक दिन मौका पाकर दोनों पठानों ने आराम करते हुए गुरु गोबिंद सिंह पर प्रहार कर घायल कर दिया। अंतिम समय निकट जानकर एक दिन गुरु ने सभी अनुयायियों को एकत्र कर कहा कि अब कोई देहधारी गुरु नहीं होगा। गुरु ग्रंथ साहिब ही गुरु के रूप में मार्गदर्शन करेंगे। यह कहकर नारियल एवं पांच पैसे गुरु ग्रंथ साहिब को अर्पित कर शीश नवाया। 7 अक्टूबर, 1708 को इस अप्रतिम संत योद्धा ने मां भारती के अंक में स्वयं को समर्पित कर दिया। गुरु गोबिंद सिंह के विचार जोत बन सदैव मार्गदर्शन करते रहेंगे।

**अंतिम समय में गुरु गोबिंद सिंह महाराज नांदेड़, महाराष्ट्र में रहकर अनुयायियों का मार्गदर्शन एवं प्रवचन करते रहे। सरहिंद के नवाब वाजित खान ने दो पठानों को गुरु गोविंद सिंह की हत्या हेतु वेश बदलकर भेजा और एक दिन मौका पाकर दोनों पठानों ने आराम करते हुए गुरु गोबिंद सिंह पर प्रहार कर घायल कर दिया। अंतिम समय निकट जानकर एक दिन गुरु ने सभी अनुयायियों को एकत्र कर कहा कि अब कोई देहधारी गुरु नहीं होगा। गुरु ग्रंथ साहिब ही गुरु के रूप में मार्गदर्शन करेंगे। यह कहकर नारियल एवं पांच पैसे गुरु ग्रंथ साहिब को अर्पित कर शीश नवाया। 7 अक्टूबर, 1708 को इस अप्रतिम संत योद्धा ने मां भारती के अंक में स्वयं को समर्पित कर दिया।**

## नजरिया

**जातिवादी मतदान की लोकप्रियता वादी मजबूरी के कारण खाप पंचायतों का उदय हुआ है जो पंचायती लोकतंत्र को प्रतिस्थापित कर के मूलभूत लोकतांत्रिक व्यवस्था के पतन का कारण भी बन सकता है। धर्म तथा धार्मिक प्रथाओं में समानता एवं स्वतंत्रता का हनन धार्मिक लोकतंत्र के अंत का ही स्वरूप है, जिसका कारण तुष्टीकरण आधारित लोकप्रियता वाद एवं अवतारवाद हो सकता है। पशु व्यापार गोवंश के पद पर एकतरफा प्रतिबंध को भी भारतीय लोकतंत्र के समानता स्वतंत्रता एवं धर्मनिरपेक्षता के आदेशों पर एक नकारात्मक कदम के रूप में देखा जा रहा है। अवतारवाद जातिवादी राजनीति और पद लोलुपता तानाशाही प्रवृत्ति को जन्म दे सकते हैं।**

# राष्ट्रवाद और धार्मिक कट्टरता के मध्य बौद्धिक संतुलन की आवश्यकता

संजीव ठाकुर

मोबाइल : 9009 415 415

राष्ट्रवाद सार्वभौमिक सत्य है। राष्ट्र के निर्माण में राष्ट्रवाद की भूमिका हमेशा अति महत्वपूर्ण रही है। देश के हर नागरिक की जिम्मेदारी भी है कि उसकी राष्ट्र के प्रति गहरी निष्ठा,समर्पण हो, पर इसका कतई आशय नहीं है की सत्ता लोलुप राजनीतिक पार्टियां राष्ट्रवाद को धर्म संप्रदाय से जोड़कर सत्ता हथियाने का अवसर या अस्त्र बनाने का प्रयास करें, निसंदेह इस बात से राष्ट्रीय भावना विखंडित, आहत होती है। ऐतिहासिक तौर पर लगातार सत्ता पर बने रहने के लालच से कोई भी राजा सम्राट अथवा बादशाह चिंता नहीं रहा है। वर्तमान परिदृश्य में राजनीतिक पार्टी के नेता भी सत्ता लोलुपता से परे नहीं है, इस संदर्भ में कई बार राष्ट्रवाद को धर्म से जोड़कर भावनात्मक तरीके से इसे सत्ता प्राप्ति का अस्त्र तथा अवसर बनाकर उपयोग किया जाता रहा है। सत्ता सदैव परिवर्तनशील होती रहनी चाहिए, यह एक स्वस्थ लोकतंत्र की परंपरा को और मजबूत बनाती है। लगातार सत्ता किसी भी सत्ताधीश को निरंकुश बनाकर अधिनायकवाद के बीज को रोपित करती है।

देश में अवसरवादी राजनीतिक दलों की उपस्थिति जातिवादी समीकरण के अतिवादी दृष्टिकोण, अब परिपक्व लोकतांत्रिक संस्थाओं का परिचालन एवं आमजन की सीमित तर्क बुद्धि एवं और दूरदर्शिता के कारण कई बार जनता के दूरगामी लाभ के स्थान पर तात्कालिक लाभ की प्रक्रिया से अवसरवादी अभिमत तथा तुष्टीकरण की नीति से जनता के लाभ के अवसर को दूर ले जाते हैं।

राजनीतिक पार्टियों की अवसरवादी तथा पद लोलुपता की अभिवृत्ति जनता को तुरंत लाभ देने की सर दूरदर्शन नीति लोकतंत्र को बहुत बड़े खतरे की ओर ले जाती है एवं इससे राष्ट्रीय विकास की क्षमता में बहुत ज्यादा स्खलन होने की संभावना होती है। जनता के हितों उनकी भावनाओं से खिलवाड़ कर शोषण करना अंततः राष्ट्रीय चरित्र तथा अनुशासन के स्थान पर आर्थिक तथा सामाजिक सुरक्षा चरित्र को जन्म देती है। अवतारवाद राजनीति का एक अंग हो सकता है किंतु सदैव आशीर्वाद तथा पद लोलुपता राजनीति को गर्त में ले जाने सदस्य है यह अलग मुद्दा है कि जन भावना बहुमत की भावना तथा सामाजिक प्रथाएं एवं तात्कालिक हित किसी भी लोकतंत्र के लिए आवश्यक अंग हो सकते हैं। लोकतंत्र में विशेष परिस्थितियों में जनता का समर्थन प्राप्त करना एवं उनके हितों की रक्षा के लिए नए उपायों की अवधारणा उचित हो सकते और आवश्यक भी, किंतु राजनीति में पद लोलुपता अवसरवादी ता एवं जातिवाद को विखंडित करने की नियत किसी भी दृष्टि से लोकतंत्र के हित में नहीं दिखाई देती हैं।

भारतीय परंपरा में भी शाम दाम दंड भेद सुशासन का प्रमुख उपकरण मान लिया गया है पर इसके दूरगामी परिणाम तुष्टीकरण के साथ-साथ अनुशासन की महत्ता को कमतर करने का कार्य करते हैंश्र यह सुनिश्चित है कि बिना विकसित लोकतांत्रिक उपकरणों के लोकप्रियता को मापना एक दुष्कर कार्य हो जाता है कई बार कम संख्या परंतु मजबूत संगठन वाले समूह के हित के लिए अनुचित साधन बनकर रह जाते हैं, और यही कारक बहुमत के शासन के लोकतांत्रिक आदर्श के विपरीत चले जाते हैं। लोकतांत्रिक मूल्यों सिद्धांतों को अवसरवादी का पत्ता एवं दलबदल क्षति पहुंचाने के बहुत बड़े कारण हैं। अवसरवाद तथा सत्ता की चाहत लोकतांत्रिक मूल्यों के दूरगामी दुष्परिणामों का बड़ा संकेत हो चुका है। भारतीय संविधान में भी लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं के छोटे-छोटे छिद्रों से राजनीतिक दल अवसर के जो ताने बाने बुनते हैं उससे राजनैतिक एवं ऐतिहासिक प्रति मानव को हमेशा नुकसान ही हुआ है। अब राजनीति में सिद्धांतों की प्रतिबद्धता बहुत निम्न स्तर पर पहुंच गई है जिससे लोकतांत्रिक नीतियों और सिद्धांतों में बहुत ज्यादा विसंगतियां पैदा हो चुकी हैं। लोकतंत्र में बहुमत के साथ अधिनायकवाद अवतारवाद सत्ता लोलुपता और जातिगत समीकरणों का गलत तरीके से उपयोग सामंतवादी आ लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं को जन्म दे सकता है।

जातिवादी मतदान की लोकप्रियता वादी मजबूरी के कारण खाप पंचायतों का उदय हुआ है जो पंचायती लोकतंत्र को प्रतिस्थापित कर के मूलभूत लोकतांत्रिक व्यवस्था के पतन का कारण भी बन सकता है। धर्म तथा धार्मिक प्रथाओं में समानता एवं स्वतंत्रता का हनन धार्मिक लोकतंत्र के अंत का ही स्वरूप है, जिसका कारण तुष्टीकरण आधारित लोकप्रियता वाद एवं अवतारवाद हो सकता है। पशु व्यापार गोवंश के पद पर एकतरफा प्रतिबंध को भी भारतीय लोकतंत्र के समानता स्वतंत्रता एवं धर्मनिरपेक्षता के आदेशों पर एक नकारात्मक कदम के रूप में देखा जा रहा है। अवतारवाद जातिवादी राजनीति और पद लोलुपता तानाशाही प्रवृत्ति को जन्म दे सकते हैं। अति राष्ट्रवादी होने के स्वरूप को ऑन कर तानाशाही की प्रवृत्ति को आम जनता के ऊपर लागना सैनिक तानाशाही अधिनायकवाद तथा फासीवाद को भी जन्म देने की प्रक्रिया के अंग हैं।

लोकतंत्र में राजशाही की तरह शासकीय धन का मनमाना दुरुपयोग एक अनैतिकग प्रक्रिया है एवं यह सस्ती लोकप्रियता प्राप्त करने का निम्न स्तरीय हथकंडा भी है। इससे न सिर्फ जनता पर करों का बोझ पड़ता है बल्कि सार्वजनिक रूप से किए जाने वाले जनहित के कार्यों का भी अवरोध बन जाता है। चुनाव में मतदान को प्रभावित करने के लिए टीवी में मोबाइल फोन लैपटॉप आदि का प्रॉब्लम भी लोकप्रियता किंतु आर्थिक दूरदर्शी एवं लोकतांत्रिक न्याय के प्रतिकूल है। बीसवीं सदी के लगभग सभी थाना गांव द्वारा किस प्रकार के सैनिक राष्ट्रवाद द्वारा सस्ती लोकप्रियता पाकर लोकतंत्र को रोकने का प्रयास किया गया।

पाकिस्तान, म्यांमार, उत्तर कोरिया देशों में व्यापक सुरक्षा हिंसा आतंकवाद पर नियंत्रण की लूट प्रिय तावादी धारणा का प्रयोग सैन्य प्रभाव को बरकरार रखने के लिए रो रहा है। लोकतंत्र का सदैव उद्देश्य तथा आदर्श जनता का समर्थन प्राप्त करना जनता किसानों की छांव की पूर्ति करना एवं जनता की हर सुविधा का ध्यान रखना है। पर देश का लोकतंत्र सत्ताचरिता, अवसरवादीता एवं एल्केन सत्तारूढ़ बने रहने की जुगत में क्षतिग्रस्त होता जा रहा है लोकतंत्र की भविष्य की संभावनाएं एवं उसके स्तंभ कमजोर होते जा रहे हैं ऐसे में देश के समृद्ध एवं प्रबुद्ध वर्ग को पहल करने आगे आना होगा वरना लोकतंत्र के दुरुपयोग के दूरगामी परिणाम विध्वंसकारी भी हो सकते हैं। पता अवसरवादी लोकप्रियता वादी विचारों के असंतुलित तात्कालिक लाभों के स्थान पर बहुआयामी लोकतांत्रिक ढांचे के भीतर ही संतुलित विकास एवं समायोजन पर ध्यान देना चाहिए।परिणाम स्वरूप जनता, सरकार, राजनीतिक दल, मीडिया, सिविल सोसाइटी तथा अन्य सभी के हित की दृष्टि में बहुत ही व्यापक तथा दूरगामी परिणाम लाने वाले लोकतांत्रिक स्तंभ को एकजुट होकर सामाजिक संतुलन बनाए रखना होगा। एवं हम सभी के समेकित प्रयास से लोकतांत्रिक मूल्यों सिद्धांतों एवं उसकी मूलभूत अवधारणाओं की रक्षा हो सकेगी।

महत्त्वपूर्ण

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006. Editor : Bhupendra Kumar (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar. Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.**Regn No.RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।- **दक्षिण भारत राष्ट्रमत**

उत्सव



मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव रविवार को उज्जैन के मुंगी चौराहे पर 'राहगिरी आनंद उत्सव' के उद्घाटन के दौरान घोड़े पर सवार हुए।

# जैविक मां की तलाश में भारत आई स्पेन की युवती

भुवनेश्वर/भाषा। स्पेन की नागरिक स्नेहा अपनी उस जैविक मां की तलाश में भारत लौटी है, जिसने 20 साल पहले उन्हें (स्नेहा) और उनके भाई को एक अनाथालय में छोड़ दिया था।

हालांकि, 21 वर्षीय स्नेहा के पास समय कम बचा है, क्योंकि उन्हें सोमवार को स्पेन लौटना है। बच्चों की शिक्षा के क्षेत्र में शोधकर्ता के रूप में कार्यरत स्नेहा अपनी जड़ों का पता लगाना चाहती हैं, लेकिन उन्हें अपने अतीत के बारे में बहुत कम याद है।

स्नेहा के स्पेनिश माता-पिता जेमा विडेल और जुआन जोस उनकी इस खोज में उनका साथ दे रहे हैं और जेमा, स्नेहा के साथ उनके गृह राज्य ओडिशा आई हैं। विडाल और जोस ने स्नेहा और उनके भाई सोमू को 2010 में भुवनेश्वर के एक अनाथालय से गोद लिया था, जहां 2005 में उनकी मां बनलता दास द्वारा छोड़ दिए जाने के बाद उन्हें आश्रय दिया गया था।

स्नेहा ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ''स्पेन से भुवनेश्वर तक की मेरी यात्रा का उद्देश्य मेरे जैविक माता-पिता, खासकर मेरी मां को ढूंढना है। मैं उन्हें ढूंढना चाहती हूं और उनसे मिलना चाहती हूं। मैं इस यात्रा के लिए पूरी तरह तैयार हूं, भले ही यह कठिन हो।''

स्नेहा उस समय सिर्फ एक साल की थी और उसका भाई कुछ महीने का था, जब उनकी मां उन्हें अनाथालय में छोड़कर चली गई। स्नेहा ने कहा कि उनके स्पेनिश



माता-पिता ने भाई-बहनों को जीवन में सब कुछ दिया है और उन्हें कभी ऐसा महसूस नहीं होने दिया कि उन्हें गोद लिया गया है। दंपति ने उन्हें बेहतरीन शिक्षा और अपनी पसंद के हिसाब से निर्णय लेने की आजादी दी।

स्पेन के जरागोजा शहर में योग शिक्षक जेमा के साथ स्नेहा पिछले साल 19 दिसंबर को भुवनेश्वर पहुंचीं और वे एक होटल में रह रहे हैं। सोमू, हालांकि स्पेन में कुछ काम में व्यस्त होने के कारण नहीं आ सके। अगर उन्हें सोमवार तक स्नेहा की जैविक मां नहीं मिलती है, तो वे दोबारा उसकी तलाश में मार्च में वापस आएंगे।

जेमा ने कहा, ''हमें स्पेन वापस लौटना होगा, क्योंकि स्नेहा एक प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल हो गई है, जिसे रोका नहीं जाना चाहिए। अगर हमें अगले 24 घंटों में बनलता नहीं मिलती है, तो हम मार्च में भुवनेश्वर वापस आएंगे।''

# नेहरू के कार्यकाल में भारतीय क्षेत्र पर चीन ने कब्जा किया था: भाजपा

नई दिल्ली/भाषा

भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल में भारतीय क्षेत्रों पर चीन के कब्जे का आरोप लगाने के लिए रविवार को कांग्रेस की आलोचना की। भाजपा ने कहा कि कांग्रेस ऐसे झूठ बोलकर बच नहीं सकती क्योंकि यह सब जवाहरलाल नेहरू के कार्यकाल के दौरान हुआ था।

इससे पहले शनिवार को कांग्रेस ने 'एक्स'पर एक पोस्ट में कहा था, चीन भारत की जमीन पर कब्जा करता रहा। नरेन्द्र मोदी 'क्लीन चिट' देते रहे।

भाजपा आईटी विभाग के प्रमुख अमित मालवीय ने इसपर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि भारतीय क्षेत्र पर चीनी कब्जे की बात करना कांग्रेस की बेईमानी है जबकि तथ्य यह है कि यह सब प्रधानमंत्री के रूप में नेहरू के कार्यकाल के दौरान हुआ था। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, सोचिए, नेहरू के विश्वासघात के लिए प्रधानमंत्री मोदी को दोषी ठहराया जा रहा है। उन्होंने कहा, कांग्रेस इस तरह के झूठ बोलकर बच नहीं सकती।

मालवीय ने कहा कि 'वास्तविकता' यह है कि हेआन काउंटी अक्साई चिन का नया नाम है, जिस पर चीन ने 1962 में कब्जा कर लिया था।

मालवीय ने कहा, हेआन काउंटी का महत्व जी219 राजमार्ग से समझा जा सकता है, जिसे चीन ने औपचारिक रूप से 1957 में खोला था। प्रधानमंत्री नेहरू ने 1959 में संसद में इसके निर्माण को स्वीकार किया था। उन्होंने कहा कि हेआन काउंटी की प्रमुख विशेषताओं में 1959 में चीन द्वारा हाजी लंगर और 1958 में भारतीय गश्ती दल को हिरासत में लिया जाना शामिल है।

मालवीय ने कहा, किजिल जिल्गा पर 1962 में चीन ने कब्जा कर लिया था। चुंग ताश पर 1962 में चीन ने कब्जा किया। देहरा कम्पास पर 1961 में चीन ने कब्जा किया। शामल लुंगपा पर अक्टूबर 1959 में चीन ने कब्जा किया।

# गुरु के ब्रह्मलीन होने के बाद 'देवालय बस' से तीर्थाटन कर रहे स्वामी सच्चिदानंद

महाकुम्भ नगर/भाषा। एक सप्ताह में प्रारंभ होने जा रहे विश्व के सबसे बड़े धार्मिक समागम में साधु संत अपनी कुटिया लगभग बसा चुके हैं। ऐसे में इस मेले में एक ऐसे संत भी हैं जो कुटिया में नहीं, बल्कि एक बस में प्रवास करते हैं जहां एक संपूर्ण देवालय भी स्थापित है।

सेक्टर-18 में संगम लोअर मार्ग पर अलोपशंकरी चौराहे के पास बन रहे शिविर में पिछले एक माह से खड़ी सफेद रंग की बस सभी का ध्यान आकर्षित कर रही है जिसमें कथित तौर पर विश्व का सबसे वजनी 'स्फटिक' शिवलिंग रखा है।

स्वामी सच्चिदानंद चैतन्य जी ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, ''वर्ष 1992 में उज्जैन सिंहस्थ कुम्भ के लिए उनके गुरु जी श्री लक्ष्मण चैतन्य ब्रह्मचारी जी ने यह बस तैयार कराई थी जिसे उन्होंने नाम दिया 'श्री श्री हरसिद्धी'। यह बस हर सिद्धियों की प्रदाता है। इसके बाद उन्होंने संपूर्ण तीर्थों का भ्रमण किया।''

उन्होंने बताया कि डा. श्री लक्ष्मण चैतन्य ब्रह्मचारी महाराज, धर्म सम्राट स्वामी श्री करपात्री जी महाराज के उत्तराधिकारी शिष्य थे और वाराणसी में अखिल भारतीय धर्म संघ के लंबे समय तक अध्यक्ष रहे थे।

# किआरा आडवाणी अस्पताल में भर्ती?

मुंबई/एजेन्सी

कियारा आडवाणी के प्रशंसक सोशल मीडिया पर कई रिपोर्ट आने के बाद गहरे सदमे में हैं, जिसमें दावा किया गया है कि उनकी तबीयत खराब हो गई है और अभिनेत्री अस्पताल में भर्ती हैं। अब, कियारा की टीम आगे आई है और इस पर स्पष्टीकरण जारी किया है, जिसमें कहा गया है कि अभिनेत्री को अत्यधिक काम के बाद आराम करने की सलाह दी गई है। उनके प्रतिनिधि ने उन रिपोर्टों को खारिज कर दिया कि अभिनेत्री को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शनिवार को अपनी आगामी फिल्म गेम चेंजर के ट्रेलर लॉन्च इवेंट में कियारा के शामिल न होने के बाद उनके अस्पताल में भर्ती होने की खबरें सामने आईं। प्रतिनिधि ने पीटीआई को बताया, ''कियारा आडवाणी को अस्पताल में भर्ती नहीं कराया गया है, उन्हें थकान के कारण आराम करने की सलाह दी गई है क्योंकि वह लगातार काम कर रही हैं।'' कियारा को आखिरी बार 2023 में सत्यप्रेम की कथा में देखा गया था, जिसमें उन्होंने कार्तिक



आर्यन के साथ अभिनय किया था।

गेम चेंजर एस शंकर द्वारा निर्देशित एक राजनीतिक एक्शन थ्रिलर है, जिसमें कियारा तेलुगु स्टार राम चरण के साथ फिर से काम कर रही हैं, इससे पहले वे 2019 में विनय विद्या रामा नामक फिल्म में नज़र आ चुकी हैं। कार्तिक सुब्बाराज द्वारा लिखित इस फिल्म में एस जे सूर्या, अंजलि, प्रकाश राज, जयराम, सुनील, नवीन चंद्रा और समुथिरकानी भी हैं। फिल्म में राम चरण दोहरी भूमिका निभाते नज़र आएंगे, एक अपन्ना की और दूसरी उनके बेटे की, जो एक आईएएस अधिकारी भी हैं। गेम चेंजर में कियारा उनकी प्रेमिका का किरदार निभा रही हैं।

# फिल्म 'स्काईफोर्स' का ट्रेलर रिलीज


मुंबई/एजेन्सी

बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार की आने वाली फिल्म स्काईफोर्स का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म स्काईफोर्स में अक्षय कुमार के साथ निमरत कौर,सारा अली खान और वीर पहाड़िया की अहम भूमिका है। यह फिल्म 1965 के भारत-पाकिस्तान हवाई युद्ध में पाकिस्तान के सरगोधा एयरबेस पर भारत के जवाबी हमले पर आधारित है। वीर पहाड़िया इस फिल्म के जरिए अपना बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रहे हैं। स्काई फोर्स के ट्रेलर की शुरुआत वॉइसओवर के साथ होती है, जिसमें पाकिस्तान ,हिंदुस्तान को ललकारता हुआ नजर आ रहा है। इसके तुरंत बाद हवाई हमले और ब्लास्ट होते हुए नजर आते हैं। अगले सीन में अक्षय कुमार और वीर पहाड़िया की एंट्री होती है, जो हमले से बचते हुए भाग रहे होते हैं।



स्काई फोर्स के ट्रेलर में अक्षय कुमार कहते है, पड़ोसियों को बताना होगा कि हम भी घुसकर मार सकते हैं। सोच बदलनी पड़ेगी दूसरा गाल नेता दिखाते हैंहम फौजी नहीं।

फिल्म स्काईफोर्स का निर्देशन अभिषेक अनिल कपूर और संदीप केवलानी ने किया है,जबकि इसका निर्माण मैडॉक फिल्म्स के तहत दिनेश विजन और अमर कौशिक और जियो स्टूडियोज़ के तहत ज्योति देशपांडे ने किया है। यह फिल्म 24 जनवरी को रिलीज होगी।



# अक्षय कुमार और प्रियदर्शन की फिल्म 'भूत बंगला' के अगले शेड्यूल की शूटिंग

मुंबई/एजेन्सी

बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार और निर्देशक प्रियदर्शन की सुपरहिट जोड़ी ने जयपुर में फिल्म भूत बंगला के अगले शेड्यूल की शूटिंग शुरू कर दी है। अक्षय कुमार और प्रियदर्शन की जोड़ी ने हेरा फेरी, भूल भुलैया और गरम मसाला जैसी कई हिट फिल्में दी हैं। अब फैंस इस जोड़ी को फिर से एक साथ देखने के लिए काफी एक्साइटेड हैं। भूत बंगला एक ऐसा प्रोजेक्ट है, जो डर और हंसी का शानदार कॉम्बिनेशन लेकर आ रहा है। फिल्म में भूतिया घर की कहानी को मजेदार ट्विस्ट के साथ पेश किया जाएगा।

जयपुर शेड्यूल में शहर की फेमस लोकेशन्स पर कई आउटडोर शूट्स शामिल हैं, जो फिल्म को एक खूबसूरत सांस्कृतिक माहौल देंगे। प्रियदर्शन के निर्देशन में बन रही फिल्म भूत बंगला को शोभा कपूर, एकता आर कपूर और अक्षय कुमार के प्रोडक्शन हाउस 'केप ऑफ गुड फिल्म्स' के बैनर तले प्रोड्यूस किया गया है। फिल्म के को-प्रोड्यूसर्स फारा शेख और वेदांत बाली हैं, और यह बालाजी टेलीफिल्म्स के बैनर तले प्रोड्यूस की गई है।इसकी कहानी आकाश ए कौशिक ने लिखी है, जबकि स्क्रीनप्ले रोहन शंकर, अबिलाश नायर और प्रियदर्शन ने तैयार किया है। फिल्म के डायलॉग्स रोहन शंकर ने लिखे हैं। भूत बंगला 02 अप्रैल 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है।

जुलूस



सिख श्रद्धालु रविवार को पटना में तख्त श्री हरमंदिर साहिब गुरुद्वारा में गुरु गोविंद सिंह, दसवें सिख गुरु की 358वीं जयंती की पूर्व संध्या पर 'नगर कीर्तन' जुलूस में भाग लेते हुए।



# स्टार प्लस ने रिलीज किया शो 'पॉकेट में आसमान' का पहला दिलचस्प प्रोमो

मुंबई/एजेन्सी

मनोरंजन चैनल स्टार प्लस ने अपने शो 'पॉकेट में आसमान' का पहला दिलचस्प प्रोमो शेयर किया है। स्टार प्लस अपना नया और दिलचस्प शो पॉकेट में आसमान लेकर आ रहा है, जिसमें अभिका मलाकार और फर्मान हैदर लीड रोल में नजर आएंगे। इस शो में अभिका रुद्राणी (रानी) का किरदार निभाएंगी और फर्मान दिग्विजय के रोल में दिखेंगे। पॉकेट में आसमान के मेकर्स ने शो का पहला दिलचस्प प्रोमो रिलीज किया है, जिसने पहले ही दर्शकों की दिलचस्पी बढ़ा दी है। प्रोमो में रुद्राणी (रानी) और दिग्विजय की झलक देखने को मिलती है। पॉकेट में आसमान की कहानी रानी की है, जो एक जवान और प्रेग्नेंट लड़की है। वह डॉक्टर बनने का अपना सपना पूरा करना चाहती है, साथ ही अपनी निजी ज़िम्मेदारियों को भी संभालती है। रानी के पति, दिग्विजय, उसकी फैसले का समर्थन करते हैं, लेकिन एक शर्त रखते हैं: उसे या तो अपनी पढ़ाई पर ध्यान देना होगा या बच्चे पर। लेकिन रानी, अपनी इच्छाशक्ति और महत्वाकांक्षा से प्रेरित होकर, दोनों को करने का फैसला करती है। वह मां बनने और डॉक्टर बनने के अपने सपने को पूरा करने के बीच संतुलन बनाने की चुनौती का सामना करती है।

पॉकेट में आसमान एक प्रेरणादायक कहानी होने का वादा करता है। यह रानी के सफर को दिखाता है, जिसमें वह अपनी व्यक्तिगत और पेशेवर जिंदगी दोनों को संतुलित करने की कोशिश करती है। यह एक महिला के जीवन के कई पहलुओं को संतुलित करने की यात्रा को दर्शाता है। पॉकेट में आसमान शो के साथ, दर्शकों को एक मजबूत और प्रेरणादायक कहानी देखने को मिलेगी, जो एक युवा महिला की ताकत और संकल्प को दिखाती है, जो अपने सपनों को हर मुश्किल के बावजूद पूरा करने के लिए तैयार है। पॉकेट में आसमान को बॉयहुड प्रोडक्शन्स ने प्रोड्यूस किया गया है और यह जल्द ही स्टार प्लस पर प्रसारित होगा।

# 'सीआईडी' को गेम चेंजर शो मानते हैं दयानंद शेट्टी

मुंबई/एजेन्सी

जानेमाने चरित्र अभिनेता दयानंद शेट्टी अपने सुपरहिट शो सीआईडी को गेमचेंजर मानते हैं और उनका कहना है कि यह शो जब कभी भी आयेगा तो गेमचेंजर साबित होगा। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न पर हाल ही में सीआईडी सीजन 2 की शुरूआत हुयी है। वर्ष 1998 से शुरू हुआ सीआइडी का शानदार सफर लगातार 20 वर्षो तक 2018 तक चला। छह साल के लंबे अंतराल के बाद सीआईडी ने अपने शानदार सफर की शुरूआत कर दी है। सीआईडी में दयानंद शेट्टी ने पुलिस ऑफिसर दया का किरदार निभाया है। अभिनेता दयानंद शेट्टी ने सीआईडी के बारे में बात साझा की। दयानंद शेट्टी ने बताया,वर्ष 1998 में सीआईडी जब पहली बार लोगों के बीच आया तो किसी सोंचा नहीं था कि यह शो इतना लंबा चलेगा। लोगों का मानना था कि सीआईडी 26 सप्ताह या फिर 52 सप्ताह तक चलेगा, लेकिन इसने गेम चेंज कर दिया। छह साल के लंबे अंतराल के बाद सीआइडी जब वापस लौटकर आया है, तो इस बार भी शो को दर्शकों का जबरदस्त रिसपांस मिल रहा है। सीआईडी गेमचेंजर साबित हो रहा है। मेरा मानना है कि सीआईडी जब कभी भी आयेगा ,गेमचेंजर साबित होगा।

दयानंद शेट्टी ने बताया, सीऑईडी को दर्शकों बेहद चाव के साथ देखना पसंद करते थे ,वे सभी सीआईडी को मिस कर रहे थे। वे चाहते थे कि सीआईडी वापस लौटकर आये। हमलोग भी सीआईडी को मिस कर रहे थे। शो लगातार इतने साल से चल रहा



था। हमारी कोशिश थी कि शो को वापस लाया जाये। दो साल कोविड काल रहा। टेलिविजन की हालत भी अच्छी नहीं थी। सीआइडी का संयोग 2024 में बना।सभी लोगों के प्यार से सीआईडी वापस आ गया है और लोगों को भी शो पसंद आ रहा है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2004 में 'सीआईडी' में 111 मिनट लंबा सिंगल शॉट एपिसोड शूट किया गया था, जिसका नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज है।टीवी के सबसे लंबे शॉट होने का ये खिताब इसी शो के नाम था।

दयानंद शेट्टी ने बतौर अभिनेता सीआईडी से अपने करियर की शुरूआत की थी, लेकिन उन्होंने अभिनेता बनने की प्लानिंग कभी नही की थी। दयानंद शेट्टी ने बताया, शायद मेरी तकदीर में अभिनेता बनना लिखा हुआ था।

सीआईडी में काम करने के पहले मैं थियेटर किया करता था। माटूंगा मुंबई में चंद्रप्रकाश थियेटर में कुछ नाटक किये, जिसके लिये मुझे बेस्ट एक्टर का अवार्ड भी मिला। उन्हीं दिनों मेरे दोस्त संजय शेट्टी, जो उनदिनों सीआईडी के प्रोडक्शन के साथ जुड़े हुये थे। उन्होंने मेरा नाटक देखा था और मेरी परफार्मेस उन्हें पसंद आयी थी। उन्होंने मुझे बताया कि सीआईडी के क्रियेटर बी.पी.सिंह सीरियल के लिये नये कॉप्स के लिये ऑडिशन ले रहे हैं। उन्होंने मुझे ऑडिशन देने के लिये कहा, लेकिन मैं उस समय कुछ पारिवारिक समस्या में उलझा हुआ था ,इसलिये मैंने मना कर दिया।

दयानंद शेट्टी ने बताया, बाद मैं जब मैं सीआईडी के ऑडिशन के लिये गया तो ऑडिशन समाप्त हो चुके थे, जिनलोगों ने ऑडिशन दिया था, उनका चयन नहीं हुआ था। मैं वह अंतिम शख्स था, जिसने ऑडिशन दिया। 15-20 दिन के बाद मुझे कॉल आया और मैं सीआइडी के लिये चुन लिया गया।बीपीसिह साहब से जब मेरी मुलाकात हुयी तो उन्होंने मेरा नाम पूछा तो मैंने उन्हें अपना नाम दयानंद शेट्टी बताया।

RNI No. : TNHIN/2013/52520
Regn No. : TN/CCN/613/2014-2016
posted at Patrika Channel,
Egmore RMS, Chennai-8

जीव को प्रबल पुण्याई से ही दुर्लभ मनुष्य जीवन मिलता है। उसमे भी हमारा सौभाग्य है कि हम जिनवाणी श्रवण करने हेतु यहा उपस्थित हुए है। कर्मवाद के सिद्धांत से अपने- अपने कर्मानुसार हर जीव सुख- दु:ख भोगता है। सुख- दु:ख का कर्त्ता जीव स्वयं ही है। इसलिए अपने जीवन को व्यर्थ मे न गवांते हुए संसार से मुक्ति ही अपना अंतिम लक्ष्य होना चाहिए। इस पंचम आरे मे मुक्ति संभव नही है।

# वैष्णव महाविद्यालय में हीरक जयन्ती वर्ष में राज्य स्तरीय एथलेटिक्स ओलंपियाड

## 50 स्कूलों के 500 युवा विद्यार्थियों लिया भाग




दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। द्वारका दास गोवर्धन दास वैष्णव कॉलेज इस वर्ष 60 वर्ष पूरे कर रहा है और अपने हीरक जयन्ती वर्ष में विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन भी कर रहा है । इसी श्रृंखला में 3 जनवरी को प्रतिष्ठित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में स्कूली छात्रों के लिए वैष्णव ओलंपियाड राज्य स्तरीय एथलेटिक मीट का आयोजन किया गया। ओलंपियाड में 50 स्कूलों के 500 उत्साही युवा एथलीटों ने हिस्सा लिया, जिससे शिक्षा में उत्कृष्टता के 60 वर्षों के कॉलेज के उत्सव में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुआ। ओलंपियाड में 100 मीटर स्प्रिंट, शॉट पुट, लंबी कूद और रिले दौड़ सहित एथलेटिक स्पर्धाओं की एक विस्तृत श्रृंखला शामिल थी। इस आयोजन में सीनियर्स और सुपर सीनियर्स के लिए अलग-अलग श्रेणियों के साथ, ओलंपियाड ने सभी छात्रों के लिए एक प्रतिस्पर्धी मंच सुनिश्चित किया, जिसमें महर्षि विद्या मंदिर, वेलाम्मल विद्यालय, डीएवी स्कूल और एस बी ओ ए मैट्रिकुलेशन हायर सेकेंडरी स्कूल जैसे प्रमुख संस्थान शामिल हैं। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य के गर्मजोशी भरे स्वागत भाषण से हुई, जिन्होंने प्रतिभागियों की शिक्षा और खेल दोनों में उत्कृष्टता हासिल करने के प्रति समर्पण की प्रशंसा की।

मुख्य अतिथि डॉ वी महादेवन ने कॉलेज की 60 वर्षों की उत्कृष्टता और खेलों के प्रति उसकी प्रतिबद्धता की सराहना की। कार्यक्रम के सावधानीपूर्वक संगठन की प्रशंसा करते हुए उन्होंने प्रतिष्ठित ए एल मुदालयार ट्रॉफी से तुलना की और टिप्पणी की कि यह ओलंपियाड पूरी तरह समर्पित भाव से आयोजित किया गया है । उन्होंने एथलीटों के अटूट समर्थन के लिए डीजी वैष्णव कॉलेज की सराहना की और इस बात पर जोर दिया कि यह संस्थान उभरते खिलाड़ियों को उत्कृष्टता हासिल करने के लिए सही मंच प्रदान करता है। डीजी वैष्णव कॉलेज के सचिव अशोक कुमार मूंदड़ा ने आधिकारिक तौर पर ओलंपियाड 2025 के शुभारंभ की घोषणा की। सचिव डॉ अशोक कुमार मूँधड़ा जी ने सभी खिलाड़ियों को विश्वास दिलाया की आपके द्वारा की गई मेहनत ही आपका भविष्य तय करेगी। खेलों में जीत - हार तो लगी रहती है लेकिन मेहनत सदैव फलित होती है ।

कार्यक्रम के समापन समारोह में एसडीएटी के सदस्य सचिव थिरु जे मेघनाथ रेड्डी, आईएएस को कैप्टन डॉ एस संतोष बाबू, और कॉलेज के कोषाध्यक्ष अशोक केड़िया, द्वारा सम्मानित किया गया। जे. मेघनाथ रेड्डी ने इस पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस तरह के ओलंपियाड में स्कूली छात्रों को शामिल करना सराहनीय है। उन्होंने पैरालिंपियन बैडमिंटन खिलाड़ी और अर्जुन पुरस्कार विजेता तुलसीमथी मुरुगेसन की यात्रा साझा करके एथलीटों को प्रेरित किया, जिनका पहला बैडमिंटन रैकेट बूस्ट की ओर से एक उपहार था। उन्होंने खेल छात्रों को तमिलनाडु सरकार की पहल का लाभ उठाने के लिए भी प्रोत्साहित किया, जो आयोजनों से पहले और बाद में नकद पुरस्कार जैसे प्रेरक पुरस्कार प्रदान करते हैं, साथ ही राज्य सरकार की नौकरियों को भी सुरक्षित करते हैं। हमारे प्रिंसिपल ने आगे जोर देते हुए कहा, यह ध्यान देने योग्य है कि डीजी वैष्णव छात्रों में से चार को इस पहल के माध्यम से सरकारी नौकरियों में भी रखा गया है।





# गुरुसप्तमी के उपलक्ष में जीवदया अभियान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। गुरुदेव मेडिकल फाउंडेशन द्वारा रविवार को विश्व पूज्य श्रीमद् विजय राजेंद्रसुरीश्वरजी म.सा. की 198 वी जन्म जयंती एवं 118 वी पुण्य तिथि (गुरुसप्थमी) निमिते गुरुदेव मेडिकल फाउंडेशन द्वारा जीवदया अभियान किया गया। मरीना बीच पर कबूतर सेंटर में कबूतरों को ज्वार, मूंग, आदि चुग्गा दिया गया। दी मद्रास पिंजरापोल आयनावरम एवं कई गौशालाओं में गायों को हरा चारा, काकड़ी, लापसी आदि गायो को खिलाया गया।







# ज्ञान बाबू और सेनित केफेलगन ने चेन्नई रनर्स द्वारा संचालित फ्रेशवर्क्स चेन्नई पुरुष और महिला फुल मैराथन 2025 जीती

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। उत्तर प्रदेश के कुंडा प्रतापगढ़ से ज्ञान बाबू चेन्नई रनर्स द्वारा संचालित फ्रेशवर्क्स चेन्नई मैराथन के 13 वें संस्करण में पुरुषों की फुल मैराथन जीती और इथियोपिया की सेनेत केफेलेगन ने महिलाओं की फुल मैराथन जीती। 2025 मैराथन इस मैराथन में विभिन्न श्रेणियों में 25,000 से अधिक उत्साही धावकों ने हिस्सा लिया। धावकों के इस समूह का उत्साहवर्धन उत्साही भीड़ ने किया, जो रविवार सुबह 3.30 बजे से ही मैराथन के मार्ग पर विभिन्न स्थानों पर एकत्रित हो गई थी। पुरुषों की फुल मैराथन में काफ़ी कड़ी टक्कर देखने को मिली, जिसमें पहले 5 फिनिशरों के बीच सिर्फ़ 11 मिनट का अंतर था। यह एक कठिन दौड़ थी और ज्ञान बाऊ को पिछले संस्करण के विजेता अभिषेक सोनी से चुनौती से बचने के लिए काफ़ी मेहनत करनी पड़ी। शीर्ष स्थान प्राप्त कर प्रथम स्थान पर आ गए। अभिषेक कुछ मिनट बाद दूसरे स्थान पर आ गए। पिछले साल तीसरे स्थान पर रहे विनोथ कुमार इस बार चौथे स्थान पर आ गए। महिलाओं की फुल मैराथन में भी कुछ जोशीले मुकाबले देखने को मिले, जिसमें सेनेत ने शीर्ष स्थान हासिल किया।

पिछले साल तीसरे स्थान पर रहीं बिजोया बर्मन ने इस मैराथन में भी अपना स्थान बरकरार रखा और उसी स्थान पर रहीं।



# दान के बिना भक्ति सफल नहीं होती : कमल सूंठवाल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। शहर के अन्ना नगर स्थित एसआरकेके अग्रवाल सभा भवन में अनुपम ज्वेलर्स के अग्रवाल बंधुओं द्वारा अपने स्वर्गीय माता-पिता प्रहलाद राय अग्रवाल एवं माता शांति देवी अग्रवाल की पुण्यस्मृति में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन व्यासाचार्य ने कहा ब्राह्मणों को दान दिए बिना कथा का पूर्ण लाभ नहीं मिलता ठाकुर जी का आशीर्वाद तभी मिलता है जब सामर्थ्यनुसार ब्राह्मणों को पूजा पाठ के उपरांत दक्षिणा दी जाती है। इस अवसर पर उन्होंने सती चरित्र, ध्रुव चरित्र व कपिल मुनि के अवतार प्रसंगों का विस्तार से वर्णन किया।

उन्होंने कथा में बताया कि महर्षि कर्दम एवं माता देवहूति के गर्भ से भगवान विष्णु ने पांचवा अवतार कपिल मुनि के रूप में लिया उन्होंने बताया कि सरशैय्या पर पड़े भीष्म पितामह ने जब अपने शरीर का त्याग किया उस समय वेदव्यास के साथ कपिल मुनि भी वहां उपस्थित थे। उन्होंने बताया कि भगवान कपिल मुनि भागवत धर्म के प्रमुख बारह आचार्यों में से एक है उन्होंने भगवान शिव एवं माता सती की कथा का भी विस्तार पूर्वक वर्णन किया। उन्होंने इस अवसर पर कई सुमधुर भजनों की प्रस्तुति दी जिनमें अपनी वाणी में अमृत घोल रसना राधे राधे बोल, मेरे प्यारो नंदलाल राधे बोल राधे बोल गाकर भक्तों को भाव विभोर कर दिया। इस अवसर पर कथा आयोजक अग्रवाल परिवार के बाबूलाल केडिया, गिरिराज अग्रवाल, सुभाष गोयल, गोविंदराम अग्रवाल, निर्मल अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, दिनेश अग्रवाल रमेश अग्रवाल, सीताराम झुनझुनवाला, महादेव खेमका, मनोज, गोवर्धन अग्रवाल, प्रदीप जलान सहित अनेक लोगों ने उपस्थित होकर कथा का श्रवण किया।





# दादी के उत्सव में 'चरण पादुका' सेवा और भजनों की रही धूम

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। दादी सेना के तत्वावधान में जेपीनगर स्थित शुभ कन्वेंशन हॉल में दादी धाम प्रचार समिति के द्वारा आयोजित दो दिवसीय वार्षिक उत्सव व चरण पादुका महोत्सव के दूसरे दिवस पर सुबह से झुंझनु मन्दिर से आई दादी की 'चरण पादुका' का विद्वान पंडितों द्वारा मंत्रोच्चार से पूरे विधिविधान के साथ गंगाजल, पंचामृत, गुलाब पुष्प, इतर से अभिषेक व पूजन किया गया। उपस्थित भक्तों को भी चरण पादुका व पूजा सामग्री वितरण किया गया। सभी भक्तों ने दादी की चरण पादुका का पूजन व अभिषेक किया। सभी ने अपने अपने स्थान पर से ही आरती की। तत्पश्चात स्थानीय गायक रामसुंदर बगड़िया, अनुप अग्रवाल, किशन बगड़िया, श्याम सुंदर बगड़िया ने भी मधुर भजनों की प्रस्तुति से रिझाया। इस दो दिवसीय महोत्सव में मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष स्नेह कुमार जाजू व अंकित मोदी के साथ पूरी टीम ने अपनी सेवा से सारी व्यवस्था में सहयोग रहा। दादी धाम प्रचार समिति के अध्यक्ष शिवकुमार टेकड़ीवाल ने मारवाड़ी युवा मंच की पूरी टीम का स्वागत कर आभार व्यक्त किया।

शाम के समय हैदराबाद की गायिका प्रियंका गुप्ता व भागलपुर की रिया शर्मा ने 'मांग कर के देख, सिर झुका के देख दादी के दरबार में...' की प्रस्तुति पर सभी भक्त झूमने लगे। कोलकाता के अभिषेक शर्मा ने 'जन्म जन्म का साथ है हमारा तुम्हारा ......,' 'दादी तेरे भरोसे मेरा परिवार है .....' 'थारे भरोसे बैठ्यो मैया आसरो म्हाने थारो है ....' की मधुर प्रस्तुति से समा बांध दिया। बीकानेर के गायक प्रवेश शर्मा के सभागार में पहुँचने पर उपस्थित भक्तों ने तालियों की गड़गड़ाहट से व जय दादी के जयकारे से अभिनन्दन किया।

प्रवेश शर्मा ने झुंझुनूं मंदिर की व्याख्या करते हुए अपनी प्रस्तुति पर सभी को भावविभोर कर दिया। श्रद्धालु भजनों पर थिरकते रहे। इस अवसर पर विनोद कुमार माखरिया, आलोक सराफ, रवि टाईवाला, विनोद जगनानी, रमन जैन, श्याम मंदिर के संस्थापक सदस्य रेवंतमल झंवर, श्री श्याम गौशाला के अध्यक्ष सतीश गोयल, राजगढ़ सादुलपुर परिषद के अध्यक्ष प्रभात किशनपुरिया, प्राइड ग्रुप के चैयरमेन मुरारी लाल सरावगी ने भी उपस्थित होकर मां के दरबार में हाजरी लगाई। जीण माता सेवा समिति की पूरी टीमों ने दो दिवसीय महोत्सव में दादी की रसोई की पूरी व्यवस्था कार्य में सहयोग दिया। समिति के अध्यक्ष शिव कुमार टेकड़ीवाल ने दो दिवसीय महोत्सव को सफलतापूर्वक सफल बनाने पर सभी सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं का आभार प्रकट किया। सचिव संजय चौधरी ने सभी भक्तो का धन्यवाद किया। संयोजक संजय नोपानी ने भी सभी दादी धाम प्रचार समिति के सदस्यों का आभार प्रकट किया जिन्होंने एकजुटता के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्यक्रम को सफलता दिलाई। मंगला आरती के साथ महोत्सव का समापन हुआ।



# सामायिक से समता का जागरण- मुनि मोहजीत कुमार

मंड्या/दक्षिण भारत । अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद् द्वारा निर्देशित अभिनव सामायिक का आयोजन आचार्यश्री महाश्रमणजी के शिष्य मुनिश्री मोहजीत कुमारजी के सान्निध्य में तेरापंथ युवक परिषद् मंड्या द्वारा चन्नपटना के स्थानक भवन में किया गया। सामायिक उत्सव का शुभारम्भ नमस्कार महामंत्र के जप से हुआ। इस अवसर पर मुनिश्री मोहजीत कुमारजी ने ध्यान की प्रक्रिया को सम्पादित करते हुए कहा कि- सामायिक समता की साधना का एक महत्वपूर्ण प्रयोग है। सामायिक की उपासना करने वाला व्यक्ति अपने मन, वचन और काया के योग को नियंत्रित करता है। इससे व्यक्ति की चंचलता कम होती है तथा स्थिरता का विकास होता है। सामायिक से का समता का जागरण होता है। समता ही धर्म आराधना का आधार है। सामायिक उत्सव की परिसम्पन्नता परमेष्ठी वन्दना के संगान एवं त्रिपदी वन्दना से हुई। इस अवसर पर मण्डिया तेरापंथ युवक परिषद् के सदस्य, चिकमगलूर युवक परिषद् एवं बेंगलूरु से समागत बंधु उपस्थित थे।

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006.
Regn No. RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520 **Editor : Bhupendra Kumar** (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar.
Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.